सुविचार ताकत अपनी आवाज में नहीं अपने विचारों में रखें...।

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष - 16, अंक-46 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 20 से 26 फरवरी 2026 | पृष्ठ - 8, मूल्य-रू.3.00



बजट पेश करने से पहले बंगले में स्थित मंदिर में ब्रिफ केस के साथ पूजा करते नजर आए वित्त मंत्री ओपी चौधरी।

## माटी का तिलक



बजट पेश करने से पहले मंत्री ओपी चौधरी को उनकी पत्नी अदिति ने माटी का तिलक लगाकर रवाना किया।

### संकल्प

S – समावेशी विकास
A – अधोसंरचना
N – निवेश
K – कुशल मानव संसाधन
A – अन्त्योदय
L – लाइवलीहुड
P – पॉलिसी से परिणाम तक

# विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प बजट

## 1 लाख 72 हजार करोड़ का बजट:23 नए उद्योग खुलेंगे, किसानों को ब्याज मुक्त ऋण, बच्चियों को डेढ़-लाख मिलेंगे, ज्ञान-गति के बाद 'संकल्प'

**रायपुर (एजेंसी)।**



विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए 'संकल्प' थीम के साथ विकास का रोडमैप रखा। बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई, वहीं 18 साल पूरे होने पर बच्चियों को डेढ़ लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में 23 नए उद्योग खुलेंगे और 5 प्रमुख शहरों के एयरपोर्ट पर शोरूम भी खोले जाएंगे। रायपुर के कालीबाड़ी क्षेत्र में 200 बिस्तरों वाला मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल (MCH) और चिरमिरी में जिला अस्पताल के निर्माण का प्रावधान किया गया है। वहीं बस्तर के अंदरूनी इलाकों में बस सेवा शुरू करने के लिए 10 करोड़ रुपए रखे गए हैं और अबूझमाड़-जगरगुंडा क्षेत्र में दो एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएंगी। बजट भाषण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वित्त मंत्री को विस्तार से बजट बताने पर टोका, जबकि पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि बजट सुनते-सुनते थक गए।

## विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला का बजट



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्य के बजट को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नवीन विधानसभा भवन में प्रस्तुत हमारी सरकार का यह तीसरा बजट विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विज़न को नई मजबूती प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को केंद्र में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। किसानों, गरीबों, युवाओं, मातृशक्ति और आदिवासी समाज के सशक्तीकरण को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वित्त वर्ष 2026-27 का यह बजट प्रदेश के 'सुशासन से समृद्धि' मॉडल को मजबूत आधार प्रदान करेगा और विकास की गति को और तेज करेगा। यह बजट राज्य के बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन, कृषि उन्नयन, सामाजिक सुरक्षा तथा मानव संसाधन विकास को नई दिशा देगा। राज्य सरकार विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के अपने संकल्प पर दृढ़ है और यह बजट उस दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## वित्तमंत्री ओ पी चौधरी का शायराना अंदाज

बजट भाषण पढ़ते समय वित्तमंत्री ओ पी चौधरी का शायराना अंदाज दिखा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में 3 करोड़ जनता को नमन किया और अभिवादन भी किया। उन्होंने कहा–

**पर किसी उजड़े हुए को फिर बसाना कब मना है,**
**है अँधेरी रात पर दीवा जलाना कब मना है।**

उन्होंने कहा–मोदी जी कहते हैं कि हम बड़ा लक्ष्य बनाते हैं, उसे प्राप्त करते हैं और फिर उससे भी बड़ा लक्ष्य बनाते हैं। @ 2047 के दीर्घकालिक विजन तक पहुँचने से पहले हमें मध्यम अवधि के अर्थात् मिडटर्म टारगेट बनाने होंगे। जैसे मोदी जी देश की अर्थव्यवस्था के लिये मध्यम अवधि के टारगेट के रूप में 05 ट्रिलियन एवं 10 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य रखकर चल रहे हैं।

इस मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने के हमारे आधारभूत रणनीतिक स्तंभ (Fundamental Strategical Pillars) क्या होंगें। उसे मैं 10 स्तंभो के रूप में सदन के समक्ष रख रहा हूँ:–

1. GYAN : हमारे आर्थिक विकास के केन्द्र बिन्दु
   (Focus of our Economic Development)
2. तकनीक आधारित रिफॉर्म और सुशासन से तीव्र आर्थिक विकास
   (Rapid Economic Growth through Technology driven Reforms Governance )
3. तमाम चुनौतियों के बीच अधिकाधिक पूंजीगत व्यय सुनिश्चित करना
   (Maximum CAPEX)
4. प्राकृतिक संसाधनों का उचित इस्तेमाल
   (Optimum utilisation of Natural Resources)
5. अर्थव्यवस्था के सेवा क्षेत्र की नयी संभावनाओं पर जोर
   (Emphasis on new possibilities of service sector of the econo my)
6. सरकार की सारी क्षमताओं के अतिरिक्त निजी निवेश भी सुनिश्चित करना
   (Ensuring private investment)
7. बस्तर–सरगुजा की ओर भी देखो
   (Focus on Bastar-Surguja)
8. DDP : डिसेंट्रेलाइज्ड डेवलपमेंट पॉकेट्स
   (DDP Ñ Decentralized Development Pockets)
9. छत्तीसगढ़ी संस्कृति का विकास
   (Promoting Chhattisgarhi Culture)
10. क्रियान्वयन का महत्व
   (Importance of Implementation)

नेल्सन मंडेला जी ने कहा है:– Destroying any nation does not require the use of atomic bombs or the use of long range missiles. It only requires lowering the quality of education and allowing cheating in the e&aminations by the students.

अर्थात् 'किसी देश को तबाह करने के लिये बम, बारूद और मिसाईल की जरूरत नहीं होती। शिक्षा की गुणवत्ता को खराब कर देना और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार ही किसी देश को बर्बाद करने के लिये पर्याप्त होता है '।

**'मरके देवलोक झन जातेंव, कान्हु जनम झन पातेंव।**
**छत्तीसगढ़ ल छांव करे बर, मैं छानही बन जातेंव।।'**

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सुस्पष्ट है। आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि:

भारत कोई भूमि का टुकड़ा नहीं है, यह जीता जागता राष्ट्र पुरुष है।
ये वंदन की धरती है, ये अभिनन्दन की भूमि है।
ये अर्पण की भूमि है, ये तर्पण की भूमि है।
इसकी नदी.नदी, हमारे लिए गंगा है,
इसका कंकर.कंकर, हमारे लिए शंकर है।
हम जिएंगे तो इस भारत के लिए और मरेंगे तो इस भारत के लिए,
और मरने के बाद भी गंगाजल में बहती हुई हमारी अस्थियों को कोई कान लगाकर सुनेगा, तो एक ही आवाज आएगी –
भारत माता की जय !!

## ज्ञान का अल्पज्ञान हो गया, गति की दुर्गति हो गई- बैज



बजट को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा- ज्ञान का अल्पज्ञान हो गया, गति की दुर्गति हो गई और अब संकल्प के बजट पर भी मुझे भरोसा नहीं है, रोजगार, धान, किसान किसी पर बात नहीं हुई है।

## सरकार अब 5 प्रमुख मिशन पर काम करेगी

मुख्यमंत्री एआई मिशन,
मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन,
मुख्यमंत्री खेल उत्कृष मिशन,
मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन
मुख्यमंत्री स्टार्टअप
निपुण मिशन शामिल हैं।
हर मिशन के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## डॉ. रमन सिंह नहीं पहुंचे

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह स्वाथ्यगत कारणों से राज्य से बाहर हैं। डॉ रमन सिंह की अनुपस्थिति में धर्मजीत सिंह सभापति के तौर पर आसंदी में रहे। डॉ रमन सिंह सर्वाइकल की दिक्कत से जूझ रहे हैं। इसके चलते कोयंबटूर में भर्ती किए गए। बुधवार को उनकी सर्जरी होगी। धरमलाल कौशिक कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## बजट केवल मायाजाल – चरण दास महंत



ओ पी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने मायाजाल बताया। डॉ. महंत के मुताबिक बजट में किसानों, युवाओं और आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है।

## बजट में प्रमुख घोषणाएं

15 नए पुलिस थाना खुलेंगे।
5 नए साइबर थानों का प्रदेश में होगा निर्माण।
15 नए पुलिस थाना बनेंगे।
महिला थानों की संख्या बढ़ेगी।
तेलीबांधा रायपुर थाना का होगा नवीनीकरण।
सीन ऑफ क्राइम यूनिट की स्थापना के लिए 3 करोड़।
वनों के संरक्षण के लिए 930 करोड़ का प्रावधान, 1 हजार पदों की होगी भर्ती।
अभ्यारण्यों के विकास के लिए 11 हजार करोड़ का प्रावधान।
शक्तिपीठ भ्रमण योजना शुरु होगा 5 करोड़ का प्रावधान।
शक्तिपीठ सर्किट बनेगा।
राजिम में कांस्य प्रतिमा स्थापित करने के लिए 5 करोड़।
सिरपुर के विकास के लिए प्रावधान 36 करोड़, रीवर फ्रंट, मेडिटेशन सेंटर बनेगा।
ईको टूरिज्म के लिए फिक्की से एमओयू, 500 करोड़।
सरकारी स्कूली छात्रों को भ्रमण कराने युवा दर्शन योजना, 5 करोड़ का प्रावधान।
रायपुर देवभवन स्वामी विवेकानंद निवास को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने 5 करोड़।
पत्रकारों को घुमाने के लिए बजट का प्रावधान।
साहित्य महोत्सव हर साल होगा।
अप्रवासी छत्तीसगढ़ियों का एनआईआर सम्मेल हर साल होगा।
जनसंपर्क विभाग का बजट 475 करोड़ होगा।
ईवी वाहनों की सब्सिडी हेतु 100 करोड़ का।
नवा रायपुर में राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी की स्थापना।
नवा रायपुर में स्पोर्टस कांप्लेक्स का निर्माण।
क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लिए 57 करोड़।
कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार योजना, 100 करोड़।
हर मिशन के लिए 100 करोड़ राशि का प्रावधान।
रायपुर में 200 बिस्तर का अस्पताल बनेगा
5 प्रमुख शहरों के एयरपोर्ट पर शोरूम खोले जाएंगे।
नमक के लिए 1 हजार करोड़ का प्रावधान
पेंशन के लिए 1400 करोड़।
सयानगुड़ी को प्रदेश भर में विकसित किया जाएगा, 5 हजार करोड़ का प्रावधान।
रायपुर मठपुरैना दृष्टिबाधित शाला के लए 2 करोड़ 50 लाख।
नशा मुक्ति केंद्रों के संचालन के लिए 20 करोड़।
अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए हॉस्टल-स्कूल निर्माण का अनुदान।
OBC छात्राओं के लिए 200 सीट का छात्रावास रायपुर में बनेगा।
अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के लिए 80 करोड़।
भूमिहीन कृषि परिवारों के लिए 600 करोड़।
कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़।
मार्कफेड को 6 हजार करोड़ का प्रावधान
नेचुरल फॉर्मिंग के लिए 40 करोड़।
कृषि पंपों के लिए 5500 करोड़।
रायपुर के कालीबाड़ी में 200 बिस्तरों वाला MCH (मदर चाइल्ड हॉस्पिटल) और चिरमिरी में जिला अस्पताल के निर्माण का प्रावधान।
डेयरी समग्र विकास योजना प्रारंभ 90 करोड़ प्रावधान।
शिल्पकारों को राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में शामिल करवाने के लिए वित्तीय सहयोग देगी सरकार।
उपहार प्लेटफार्म के लिए 25 करोड़ का प्रावधान।
50 लाख तक के काम की एजेंसी ग्राम सभाएं रहेगी।
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 1700 करोड़ का प्रावधान।
नवा रायपुर –राजनांदगांव में इंडस्ट्रिएल कॉप्लेक्स के लिए 10 करोड़।
छत्तीसगढ़ में 23 उद्योंगों की स्थापना होगी
भिलाई में व्यावसायिक परिसर के लिए 10 करोड़।
नवा रायपुर –राजनांदगांव में इंडस्ट्रिएल कॉप्लेक्स के लिए 10 करोड़।
बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन का निर्माण होगा।
उद्योगों के बजट में तीन गुना वृद्धि, अनुदान के लिए 750 करोड़।
खनिज ऑनलाइन 2.2 के लिए 35 करोड़।
उधोग विभाग का बजट पहले 248 करोड़ था अब 775 करोड़ हो गया।
रायपुर में बनेगा मेगा परीक्षा केंद्र।
रायपुर मठपुरैना दृष्टिबाधित शाला के लिए 2 करोड़ 50 लाख।
गिरौदपुरी मेले को अनुदान मिलेगा अब 50 लाख।
5 नालंदा लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ का प्रावधान।
5 नालंदा लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ का प्रावधान।
मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना लागू होगी 200 करोड़ बजट का प्रावधान।
शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान योजना के माध्यम से सरकार और गैर सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए 5 लाख रू तक की इलाज के लिए डेढ़ हजार करोड़ का प्रावधान ।
मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान।
मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ की 36 सड़कें शामिल की गई हैं।
बच्चियों को 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख मिलेंगे।
रानी दुर्गावती योजना का ऐलान, बच्चियों के 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख रू की राशि दी जाएगी।
शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान योजना के माध्यम से सरकार और गैर सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए 5 लाख रू तक की इलाज के लिए डेढ़ हजार करोड़ का प्रावधान ।
250 महतारी सदन बनेंगे, 75 करोड़ का प्रावधान।
मैनपाट और जशपुर के कोतेबेरा में पर्यटन स्थल के लिए प्रावधान।
रायपुर में खाद लैब का निर्माण।
कांकेर, कोरबा, महासमुंद में नर्सिंग कॉलेज बनेंगे।
मेकाहारा में एआई का उपयोग किया जाएगा, 10 करोड़ का प्रावधान।
मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़।
प्रदेश में 250 महतारी सदन बनेंगे, 75 करोड़ का प्रावधान।
मुख्यमंत्री लखपति दीदी भ्रमण योजना लागू होगी।
बस्तर और सरगुजा में डॉक्टरों की भर्ती होगी।
बस्तर और सरगुजा में रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए प्रावधान।
इंद्रावती बैराज बनाने 68 करोड़ का प्रावधान।
इंद्रावती में मटनार और देउरगांव में 24 करोड़ की लागत से बैराज निर्माण के साथ 68 करोड़ की स्वीकृति की गई है।
बस्तर के लिए 100 करोड़ का प्रावधान।
बस्तर और सरगुजा में आजीविका के लिए अलाइट, कृषि, एग्रो फॉरेस्ट प्रोसेसिंग जैसे रोजगार आधारित सेक्टर के लिए राइस मिल, पोट्री फॉर्म जैसे उद्योगों के लिए 100 करोड़ के निवेश का प्रावधान किया गया है।

### 1. महिला एवं बाल विकास
- महतारी वंदन योजना – ₹8,200 करोड़
- 70 लाख महिलाओं को अब तक ₹14,000 करोड़ से अधिक भुगतान
- लखपति दीदी भ्रमण योजना शुरू
- 250 महतारी सदन – ₹75 करोड़
- आंगनबाड़ी संचालन – ₹800 करोड़
- पूरक पोषण आहार – ₹650 करोड़
- रानी दुर्गावती यो जना – 18 वर्ष की बालिका को ₹1.5 लाख
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना – ₹120 करोड़

### 2. स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
- आयुष्मान योजना – ₹1,500 करोड़
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन – ₹2,000 करोड़
- 200 बिस्तर अस्पताल – रायपुर
- नए मेडिकल कॉलेज – दंतेवाड़ा, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़
- 25 डायलिसिस सेंटर, 50 जनऔषधि केंद्र
- इंटीग्रेटेड फूड एवं ड्रग टेस्टिंग लैब – ₹25 करोड़
- मेडिकल कॉलेजों में हॉस्टल निर्माण – ₹35 करोड़

### 4. जल संसाधन
- जल संसाधन पूंजीगत प्रावधान – ₹3,500 करोड़
- सिकासार-कोडार नहर लिंक – ₹3,047 करोड़
- महानदी बैराज – ₹690 करोड़
- बस्तर में इंद्रावती बैराज – ₹2,024 करोड़
- 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई विस्तार

### 3. लोक निर्माण एवं अधोसंरचना
- लोक निर्माण विभाग बजट – ₹9,450 करोड़
- 36 प्रमुख सड़कों का 2-लेन उन्नयन – ₹200 करोड़
- 206 गांवों को सड़क से जोड़ने की योजना – ₹50 करोड़
- रायपुर राजधानी पैकेज – ₹100+ करोड़
- फ्लाईओवर एवं अंडरब्रिज निर्माण

### 5. ऊर्जा विभाग
- 33/11 केवी के 90 नए उपकेंद्र
- बिजली बिल राहत – ₹800 करोड़
- BPL उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली – ₹354 करोड़
- प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना – ₹400 करोड़
- सोलर हाईमास्ट स्थापना – ₹35 करोड़

### 6. विमानन विभाग
- बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर एयरपोर्ट विकास – ₹80 करोड़
- CG VAYU योजना – ₹30 करोड़ (Viability Gap Funding)
- नियमित फ्लाइट विस्तार योजना

### 7. नगरीय प्रशासन विभाग
- मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना – ₹200 करोड़
- शहरी अधोसंरचना – ₹750 करोड़
- प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 – ₹800 करोड़
- अमृत मिशन – ₹512 करोड़
- 5 नई नालंदा लाइब्रेरी – ₹22 करोड़

### 8. उद्योग एवं निवेश
- उद्योग विभाग बजट बढ़कर ₹1,750 करोड़
- 23 नए औद्योगिक क्षेत्र – ₹250 करोड़
- प्लग एंड प्ले फैक्ट्री – धमतरी
- इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर – ₹10 करोड़
- औद्योगिक सब्सिडी/अनुदान – ₹750 करोड़
- लैंड बैंक विकास – ₹200 करोड़

### 9. खनिज संसाधन विभाग
- खान ऑनलाइन 2.0 – ₹35 करोड़
- सोनाखान भवन उन्नयन – ₹20 करोड़
- क्रिटिकल मिनरल्स खोज पर विशेष फोकस

### 10. उच्च शिक्षा एवं कौशल
- 5 कॉलेज को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस – ₹15 करोड़
- नए बीएड कॉलेज
- कई कॉलेजों का उन्नयन
- कौशल आधारित मानव संसाधन विकास पर फोकस

### 11. सहकारिता एवं किसान
- ब्याज मुक्त कृषि ऋण – ₹300 करोड़
- 50 नए गोदाम – ₹150 करोड़
- सहकारी समितियों को CSC के रूप में विकसित किया जाएगा

### 12. बस्तर-सरगुजा विशेष पैकेज
- एजुकेशन सिटी – ₹100 करोड़
- बस्तर ओलंपिक, सरगुजा ओलंपिक – ₹5-5 करोड़
- पर्यटन को उद्योग का दर्जा
- 500 मोबाइल टावर स्वीकृत
- मुख्यमंत्री बस सेवा – ₹10 करोड़
- स्वास्थ्य व मेडिकल कॉलेज विस्तार

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट को चैट जीपीटी बजट बताया

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे चैट जीपीटी बजट बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जनता, जुमलों की यह पतंग काट देगी।

#### युवाओं के लिए घोषणाएं
- शिक्षा
- नए कॉलेजों की स्थापना – बलौदाबाजार, खड़गांव, बड़ीकरेली
- 25 कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए ₹25 करोड़
- रायपुर में मेगा परीक्षा केंद्र के लिए ₹25 करोड़
- विश्वविद्यालयों को ₹731 करोड़ अनुदान
- रोजगार / स्टार्टअप
- मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं NIPUN मिशन – युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने की पहल
- तकनीकी शिक्षा और निवेश माहौल मजबूत करने पर फोकस

#### बुजुर्गों के लिए घोषणाएं
- धार्मिक तीर्थ योजनाएं जारी
- रामलला दर्शन योजना – ₹36 करोड़ प्रावधान
- शक्ति पीठ भ्रमण योजना – ₹5 करोड़
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए आस्था पथ योजनाएं

#### किसानों के लिए घोषणाएं
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को ₹250 करोड़
- ग्रामीण संपर्क सड़कों के लिए 206 गांव चिन्हित – ₹50 करोड़
- 36 सड़कों के 2-लेन उन्नयन के लिए ₹200 करोड़
- सिंचाई व अधोसंरचना विस्तार पर फोकस
- कृषि अनुसंधान व तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा

# राशन दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण और वितरण सुनिश्चित कराएं, एसडीएम करें समीक्षा-कलेक्टर कुणाल दुदावत

**समय-सीमा की बैठक**
**राशन दुकानों में भंडारण-वितरण की समीक्षा करने एसडीएम को दिए निर्देश**
**तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने वन विभाग को दिए निर्देश**
**पीएमश्री विद्यालयों की उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन कर गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश**
**पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों में विकास हेतु कार्ययोजना बनाने किया निर्देशित**



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए और टीएल के लंबित प्रकरणों को निराकरण कर जानकारी प्रस्तुत करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण न होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग-नॉन को निर्देशित किया कि राशन दुकानों में भंडारण समय पर होने के साथ हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राथमिकता से वितरित हो। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद्य निरीक्षकों की बैठक लेकर समीक्षा करने और खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन दुकान में खाद्यान्न का गबन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के सभी पीएमश्री विद्यालयों में नियुक्त नोडल अधिकारियों को विद्यालय का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन करने और आवश्यकताओं की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को पीएमश्री विद्यालय में गुणवत्ता सुधार के साथ उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की दिशा में योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं को भी ध्यान रख रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ होने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य हेतु वन विभाग को 7 दिवस के भीतर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्राहक सर्वेक्षण, कार्ड वितरण, बीमा, फड़ मुंशी की नियुक्ति, अभिरक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक भुगतान उनके खाते में ही 48 घंटे के भीतर ऑनलाइन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संग्राहकों के बैंक खाते समय पर खुल जाएं, यह सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विकास कार्यों से संबंधित कार्ययोजना तैयार कर 15 अप्रैल से पूर्व शासन को प्रेषित करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ और संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने जिला योजना समिति से अनुमोदन पश्चात वार्षिक, तीन वर्षीय, पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार कर इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, कृषि, पशुपालन, ईको-पर्यटनदृहोमस्टे, पीवीटीजी बसाहटों में विकास कार्य आदि को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों में डिजिटल भारत के तहत मोबाइल टॉवर स्थापना के लिए 5 मार्च तक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में सभी जनपद सीईओ को आदिवासी परंपरा और संस्कृति वाले पूजा स्थल को विकसित करने हेतु स्थानों को चिन्हित करते हुए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के सीएमओ को पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत आवेदकों के ऋण 28 फरवरी तक स्वीकृत कराने, कृषि विभाग को सात दिवस के भीतर लंबित ई-केवाईसी पूर्ण करने, पीएचई-जनपद सीईओ को बलसेन्धा-माली कछार में हैंडपंप लगाने, ग्राम पंचायत देवपहरी के अंतर्गत आने वाले बसाहट में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने, विद्युत विभाग को पीएम सूर्यघर योजना के इंस्टालेशन में प्रगति लाने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाकर आयुष्मान, वयोवंदन कार्ड, आभा आईडी बनाने के साथ ही सिकलसेल, गैर-संचारी रोग, डायबिटीज, हाइपरटेंशन की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करने, महिला एवं बाल विकास विभाग को मातृत्व वंदना योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अंतर्गत सभी विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ अंतर्गत शिकायत के निराकरण के लिए टोल-फ्री नंबर जारी करने, शिकायतों को पंजी में संधारण करने, नदी व पुल के नीचे होने वाले अवैध उत्खनन को रोकने कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

### जियो टैगिंग के पश्चात हितग्राहियों को भुगतान सुनिश्चित करें

कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण) अंतर्गत आवास निर्माण के पश्चात हितग्राहियों के खाते में राशि भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ को समीक्षा कर भुगतान की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण करने, पीएम आवास योजना शहरी क्षेत्रों के स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

**अत्याधुनिक वृद्धाश्रम हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश**

कलेक्टर ने भारत सरकार की मंशा अनुरूप उप-संचालक समाज कल्याण विभाग को जिले में अत्याधुनिक वृद्धाश्रम हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

## 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में उक्त तिथि को जिला न्यायालय कोरबा, तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, बैंक प्रकरण, लिखत पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण तथा अन्य व्यवहार वादों को रखा जाएगा।

संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण, विशेष रूप से 5 से 10 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखने तथा अधिकतम निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से न्यायिक अधिकारियों की प्रथम बैठक जिला न्यायालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई।

इस बैठक में जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) कोरबा, श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डॉ. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो) कोरबा, सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोरबा, कु. मयुरा गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, सत्यानंद प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. डॉली ध्रुव, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. कुमुदनी गर्ग, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा उपस्थित रहे। इसी प्रकार, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली में पदस्थ न्यायाधीशगण भी बैठक में सम्मिलित हुए।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि जिन पक्षकारों के प्रकरण समझौते के आधार पर निराकरण योग्य हैं, वे अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु संबंधित न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लाभान्वित हो सकते हैं।

## केयर सेंटर-सियान गुड़ी के प्राथमिक स्तर पर स्थापना व संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**इच्छुक संस्थाएं 09 मार्च तक प्रस्ताव कर सकते हैं प्रस्तुत**
**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 सीटर 'डे केयर सेंटर-सियान गुड़ी' का प्राथमिक स्तर पर स्थापना एवं संचालन किया जाना है। जिसके लिए रूचि रखने वाले स्वैच्छिक संस्थाओं से द्वितीय रिकवेस्ट फार प्रपोजल उप संचालक समाज कल्याण जिला कोरबा के पते पर 09 मार्च 2026 अपरान्ह 04 बजे तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्था/फर्म जिला कोरबा के आधिकारिक वेबसाईट httpsÑ//korba.gov.in पर उक्त प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं साथ ही कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण कोरबा में कार्यालयीन समय पर स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र एवं शर्तें के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।






# पाली महोत्सव: कलाकारों ने बिखेरा रंग



**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

पाली महोत्सव के समापन समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा, भक्ति और संगीत का अद्भुत समागम दर्शकों के सामने बिखरा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकार अनुज शर्मा और दीपक साहू ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को प्रभावित किया। साथ ही बॉलीवुड की मधुर स्वर की धनी कनिका कपूर ने अपनी लोकप्रिय धुनों से समारोह को और भी यादगार बना दिया। समापन अवसर पर स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने महोत्सव को जीवंतता और उत्साह से भर दिया। उपस्थित सभी दर्शक इस सांस्कृतिक का हिस्सा बनकर आनंदित हुए और इस महोत्सव की यादें हमेशा के लिए संजो ली।

छालीवुड के सुपरस्टार दीपक साहू ने अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को आकर्षित किया। उन्होंने मोहिनी खवा के जिया ला चुराए रे,...और अपने छत्तीसगढ़ी फिल्मो की लोकप्रिय गीतों पर अपने ऊर्जावान और तालमेलपूर्ण नृत्य से महोत्सव के रंग को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया।

दीपक साहू की प्रस्तुति केवल नृत्य तक सीमित नहीं रही,उन्होंने अपनी हाव-भाव और स्टेज प्रजेंस से दर्शकों को पूरी तरह मोहक भाव से प्रभावित कर दिया। उनके हर कदम और हर मूवमेंट में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा झलक रही थी, जिसने समारोह के आनंद और उत्साह को दोगुना कर दिया। दर्शक उनके साथ तालियों और उत्साह से झूमते रहे, और इस प्रस्तुति ने महोत्सव की यादों को और भी सजीव बना दिया।

पाली महोत्सव के समापन समारोह में बॉलीवुड की लोकप्रिय गायिका कनिका कपूर ने अपनी शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों के सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति देकर मंच पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। कनिका कपूर ने काला चश्मा, चंद दी कुड़ी, 'नखरा तीखी तलवार वरगा ', 'ब्राउन मुंडे' जैसे







अनेक हिट गीतों को अपनी सुरीली आवाज और शानदार स्टेज प्रेजेंस के साथ पेश किया। उनके सुर और ताल ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया और महोत्सव का माहौल ऊर्जावान और रोमांचक बना दिया।

उनकी प्रस्तुति ने पाली महोत्सव के समापन को एक भव्य और मनोरंजक अनुभव में बदल दिया। दर्शक उनकी मधुर आवाज और आकर्षक प्रस्तुति का लुत्फ उठाते हुए अंत तक मुग्ध बने रहे।

पाली महोत्सव 2026 के समापन अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल छू लिया। सोनू भाठिया एंड ग्रुप ने जसगीत की प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत किया, चिराग शुक्ला एंड बैंड ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।


स्थानीय कलाकार थिरमन दास ने छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना के साथ अपने कार्यक्रम की भव्य शुरुआत की। धारा सोनवानी ने छत्तीसगढ़ की भाजी और भोजन संस्कृति को सुंदर गीतों के माध्यम से प्रस्तुत कर समापन समारोह में रौनक बढ़ा दी। साथ ही सूफी गायक राहुल ठाकुर बैंड, रायपुर ने सूफी संगीत से दर्शकों को बांधे रखा।

**छत्तीसगढ़ी संगीत की धरोहर जीवंत: अनुज शर्मा की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति**



छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकार अनुज शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति गीतों से करते हुए उन्होंने 'राम सिया राम' और 'आरुग दिया ला जलाए' जैसे गीतों के माध्यम से देवी-देवताओं की आराधना प्रस्तुत की। श्री शर्मा ने अपने सुपरहिट छत्तीसगढ़ी फिल्मों 'छुइंया भुइयां' और 'झन भूलो मां बाप ला के चर्चित गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को ताल से ताल मिलाकर झूमने को मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में स्थानीय संस्कृति और परंपरा का सुंदर मिश्रण पेश किया, जिससे हर कोई झूम उठे। उन्होंने हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति ने भी माहौल को और जीवंत बना दिया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की विविधता में ज्योति बोहिदार वैष्णव की कत्थक नृत्य और स्कूली बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ भी शामिल रहीं, जिन्होंने महोत्सव के रंग को और भी उत्सवमय बना दिया।



## पाली महोत्सव ने कोरबा की सांस्कृतिक विरासत को दी नई ऊँचाई




छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पावन महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पाली में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव का गरिमामय समापन समारोह संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक वैभव और जनउत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन ने क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं और सामाजिक एकता का सुंदर परिचय प्रस्तुत किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में उत्साह, भक्ति और उल्लास की मनोहारी छटा बिखरी रही।

पाली का यह ऐतिहासिक महोत्सव निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती, गंगा आरती, श्रीराम आरती एवं दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। समापन दिवस पर भी आंचलिक, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त कलाकारों की प्रस्तुतियों से दर्शकों को भरपूर मनोरंजन का लाभ मिलेगा।

**सड़क चौड़ीकरण और स्ट्रीट लाइट की घोषणा**

इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने पाली में पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए पाली के शिव मंदिर से कॉलेज तक सड़क चौड़ीकरण तथा मुख्य मार्ग से डुमरकछार शिव मंदिर तक स्ट्रीट लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित होगी और नागरिकों को सुविधा मिलेगी।

समरोह में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर दिशा देने का संदेश है। भगवान शिव की आराधना हमें कठिनाइयों से संघर्ष करना, धैर्य रखना और आत्मबल के साथ आगे बढ़ना सिखाती है। उन्होंने कहा कि शिव अनादि और अनंत हैं—वे सदानंद स्वरूप हैं। देश के 12 ज्योतिर्लिंग भगवान शिव को एक सूत्र में बांधते हैं और यह हमारी आध्यात्मिक एकता के प्रतीक हैं। शिव की साधना व्यक्ति को विकारों से दूर कर विराट चेतना की ओर ले जाती है।

सांसद श्रीमती महंत ने जिला प्रशासन और शासन की सराहना करते हुए कहा कि पाली की सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने और आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ऐसे आयोजन हमारी विरासत, आस्था और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियो से अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर को सहेजकर रखने और आने वाली पीढ़ियों तक उसे संरक्षित रूप में पहुंचाने का आह्वान किया।

समापन समारोह के अवसर पर पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली देवाधिदेव भगवान शिव और मां महिषासुर मर्दिनी की नगरी है, जिसका अपना विशिष्ट ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। यह भूमि आस्था, संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध रही है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा-यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और सहेजने का प्रयास है। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पाली की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सुसज्जित एवं सशक्त बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। महोत्सव के माध्यम से स्थानीय परंपराओं, कला और संस्कृति को एक सशक्त मंच प्रदान किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, पूर्व विधायकगण पुरुषोत्तम कंवर, मोहित राम केरकेट्टा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत पाली अजय जायसवाल, सरपंच केराझरिया श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैकरा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, एसडीएम पाली रोहित कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे।


पलाश के फूलों ने बताया कि होली आ रही है...

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 20 से 26 फरवरी 2026


**सुविचार**

मेहनत उज्ज्वल भविष्य की वह चाबी है, जो सफलता के दरवाजे खोलती है।

## तकनीकी गड़बड़ी के कारण युद्धअभ्यास में शामिल नहीं हुआ तेजस

**जैसलमेर, एजेंसी।**

राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के युद्ध अभ्यास 'वायु शक्ति-2026' की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई।

सबसे पहले सुखोई MKI 30 ने दुश्मन के रनवे और ठिकानों को तबाह किया। सुखोई ने दुश्मन के ठिकानों को टारगेट करते हुए 44 बम बरसाए। मिग-29 फाइटर जेट ने टैंकों का काफिला ध्वस्त किया। जैसे ही बम दुश्मनों के टारगेट पर गिरे, धूल का गुबार बन गया। वॉर जोन में आकाश मिसाइल ने टारगेट को हवा में ही उड़ा दिया।

इसके साथ ही पहली बार सी-130 विमान रात में रनवे पर उतरा। गरुड़ कमांडो को लेकर वापस आया। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट C- 295 एयरक्राफ्ट एसॉल्ट लैंडिंग की। वॉर जोन में प्रचंड हेलिकॉप्टर भी उतरे। आसमान में दो जगुआर ने सुदर्शन फॉर्मेशन दिखाकर टारगेट एरिया को अप्रोच किया। इस दौरान पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में ऑपरेशन सिंदूर की सर्जिकल स्ट्राइक को समझाया गया। इसमें बताया कि 73 फाइटर जेट देशभर के 8 एयरबेस से उड़ान भरी।

## ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद

**समझौते से पीछे हटने वाले देशों को ट्रम्प की धमकी, कहा- गेम मत खेलो, ऊंचे टैरिफ लगाऊंगा**

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिकी सरकार राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद कर देगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को टैरिफ समझौते से पीछे हटने वाले देशों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगे। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन पहले इन टैरिफ को गैरकानूनी बताया गया था।

## देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**बिलासपुर, एजेंसी।**

भिलाई से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने हाईकोर्ट में लंबित चुनावी याचिका खारिज करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनकी विशेष अनुमति याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले हाईकोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज करते हुए चुनावी याचिका को सुनवाई योग्य माना था।

दरअसल, विधायक देवेंद्र पर चुनाव के दौरान गलत जानकारी देने और आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का आरोप है। भिलाई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय चुनाव हार गए थे। जिसके बाद देवेंद्र यादव की विधायकी को चुनौती देते हुए प्रेमप्रकाश पांडेय ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की। इसमें देवेंद्र यादव पर नामांकन पत्र में आपराधिक केस और संपत्ति की जानकारी छिपाने का आरोप लगाते हुए प्रेम प्रकाश पांडेय ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की। इसमें कहा गया कि देवेंद्र यादव ने लोक प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन किया है।

# भोपाल में कांग्रेस की किसान महाचौपाल: राहुल बोले- पीएम ने अमेरिका से देश बेचने की डील की

**भोपाल, एजेंसी।**

भोपाल में कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इसमें राहुल-खड़गे शामिल हुए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया।

राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा,

हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था।

राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया।

मोदी ने बिना कैबिनेट से पूछे अमेरिका से डील की- प्रधानमंत्री ने लोकसभा से निकलते ही ट्रंप को फोन किया और बिना कैबिनेट से सलाह लिए डील के लिए तैयार होने की बात कह दी।



किसानों और देश के हित से समझौता किया- सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा।

अमेरिका से ट्रेड डील दबाव में की गई - अमेरिका से ट्रेड डील दबाव और धमकी के कारण किया गया। एपस्टीन फाइल और अडाणी से जुड़े मामलों की वजह से सरकार झुकी।

भारत को कुछ नहीं मिला, उल्टा नुकसान होगा - इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा।

देश की इंडस्ट्री और टेक्सटाइल सेक्टर पर खतरा - अगर अमेरिका से कपास और अन्य सामान सस्ते में आएंगे, तो भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री और स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।

### खड़गे बोले- मोदी ने किसानों के साथ छल किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे। मोदीजी कांग्रेस शासन में पैदा हुए, उन्हें अपना नाम बदल लेना चाहिए।

# लोकसभा अध्यक्ष ने पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए

**थरूर-अखिलेश समेत 64 टीम लीडर्स; ये दूसरे देशों के साथ कूटनीतिक रिश्ते मजबूत करेंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स (PFG) का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद PM मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए PFG बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ने इसका गठन किया है।

64 ग्रुप्स में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704 सांसद हैं। हर ग्रुप में एक लीडर और 10 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) और तृणमूल कांग्रेस (TMC) के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं।

भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस से शशि थरूर, TMC से अभिषेक बनर्जी और AIMIM चीफ असदुद्दीन औवेसी भी ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। हालांकि, PFG के सदस्य कैसे काम करेंगे, अभी इसकी औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है।

**ऑपरेशन सिंदूर : 59 सदस्यों का डेलिगेशन 33 देशों में गया था**

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर में भारत का पक्ष रखने के लिए 17 मई 2025 को 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की थी। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत थे। NDA के 31 और 20 दूसरे दलों के नेता थे, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी थे।

ये डेलिगेशन दुनिया के 33 देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के सदस्य देशों में गया और वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखा।

इस डेलिगेशन को 7 ग्रुप में बांटा गया था। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया। प्रत्येक ग्रुप 8 से 9 सदस्य थे। इनमें 6-7 सांसद, सीनियर लीडर (पूर्व मंत्री) और राजदूत शामिल थे।

# भागवत बोले- आरक्षण 200 साल भी देना पड़े तो सही:उन्होंने दो हजार सालों तक भेदभाव सहा, फिर भी देश के साथ गद्दारी नहीं की

**देहरादून, एजेंसी।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू समाज के एक हिस्से ने करीब दो हजार साल तक छुआछूत और भेदभाव सहा, लेकिन फिर भी उसने देश के साथ कभी विश्वासघात नहीं किया। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों को बराबरी का हक दिलाने के लिए अगर दो सौ साल तक भी आरक्षण देना पड़े, तो समाज को इसके लिए तैयार रहना चाहिए। अगर अपने ही भाइयों को आगे बढ़ाने के लिए हमें कुछ नुकसान भी सहना पड़े, तो भी हमें पीछे नहीं हटना चाहिए।

आरएसएस प्रमुख उत्तराखंड के देहरादून में हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित 'प्रमुखजन गोष्ठी' में पूर्व सैनिकों और अधिकारियों के साथ संवाद कर रहे थे।

इस दौरान भागवत ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों के पूर्वज एक हैं और उनकी रगों में एक ही खून बहता है। हिंदू बनने के लिए कुछ छोड़ना नहीं पड़ता, देश के प्रति निष्ठा ही पर्याप्त है और आज जिनका विरोध है, उन्हें भी कल जोड़ना है।



उन्होंने कहा-राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मजबूत नेतृत्व, उच्च सैन्य तैयारी और निरंतर प्रशिक्षण अनिवार्य हैं। अग्निवीर योजना एक प्रयोग है। अनुभवों के आधार पर इसकी समीक्षा की जानी चाहिए और आवश्यकता हो तो सुधार एवं परिमार्जन पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि सेना की क्षमता, अनुशासन और दीर्घकालिक मजबूती बनी रहे।

उन्होंने आगे कहा- राष्ट्र के भाग्य निर्माण में समाज की केंद्रीय भूमिका होती है। समाज मजबूत और संगठित होगा तो राष्ट्र की रक्षा भी सशक्त होगी। समाज का सामूहिक सामर्थ्य नागरिकों को बल देता है और नेतृत्व को प्रभावी बनाता है, इसलिए नेतृत्व का चरित्रवान और अनुशासित होना आवश्यक है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर क्रांतिकारी आंदोलनों तक स्वतंत्रता की ज्योति कभी बुझी नहीं। इतिहास से सीख लेना परिपक्व राष्ट्रीय चेतना का लक्षण है।

स्वतंत्रता के बाद कई राजनीतिक दल अपने मूल मार्ग से भटक गए। समाज की एकता ही व्यक्तियों और नेतृत्व को शक्ति देती है; समाज कमजोर होगा तो नेतृत्व प्रभावी नहीं रह सकता। सामाजिक शक्ति ही व्यक्तियों और नेतृत्व को बल देती है। यदि समाज में भेदभाव और विभाजन रहेगा तो राष्ट्र की शक्ति कमजोर होगी।

हिंदू समाज के एक हिस्से ने लगभग दो हजार वर्षों तक अस्पृश्यता और भेदभाव सहा, फिर भी देश के साथ गद्दारी नहीं की। उन्हें बराबरी का स्थान देने के लिए यदि दो सौ वर्ष भी आरक्षण देना पड़े तो समाज को तैयार रहना चाहिए। अपने भाइयों के उत्थान के लिए नुकसान भी सहना पड़े तो सहेंगे।

भारत में अनेक पूजा पद्धतियां हैं और उनसे कोई विरोध नहीं है। सभी के पूर्वज एक हैं और सभी की रगों में एक ही खून है। हिंदू बनने के लिए कुछ छोड़ना नहीं पड़ता; देश के प्रति निष्ठा ही पर्याप्त है। आज जिनका विरोध है, उन्हें भी कल जोड़ना है, वे अपने ही हैं।

मंदिर, जल स्रोत और श्मशान जैसे सार्वजनिक संसाधन सभी के लिए समान रूप से खुले होने चाहिए। सामाजिक समरसता का अर्थ व्यवहार में समानता से है।

भारतीय दृष्टि जड़ और चेतन सबको अपना मानती है और 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना इसका मूल है। धर्म समाज और मानवता को धारण करने वाला तत्व है और हिंदू विचार स्वभाव से उदार एवं समावेशी है।

## कोयला घोटाला केस नारायण साहू गिरफ्तार

**रायपुर, एजेंसी।** कोयला घोटाला केस में ईओडब्ल्यू ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी नारायण साहू को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला कि, वो आरोपी सूर्यकांत तिवारी का करीबी सहयोगी रहा है। केस में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कोयला लेवी की राशि के कलेक्शन और पैसों के ट्रांसफर का भी काम करता था। ईओडब्ल्यू के अनुसार, जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि, सूर्यकांत तिवारी की तरफ से नारायण साहू के नाम पर कई संपत्तियां खरीदी गई थी। आरोपी पिछले करीब ढाई साल से फरार चल रहा था। एजेंसी की पूछताछ से लगातार बचने की कोशिश कर रहा था।

## थाने में चली गोली कांस्टेबल सस्पेंड

**बिलासपुर, एजेंसी।** बिलासपुर के सरकंडा थाने में एक आरक्षक के राइफल से अचानक गोली चल गई। आरक्षक अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद राइफल को जमा करते समय मैग्जीन खाली किए बिना ही ट्रिगर दबा दिया, जिससे बंदूक से निकली गोली पंखे के ब्लेड को चीरते हुए छत में जा घुसी। राहत की बात है कि गोली चलने से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। वहीं, इस लापरवाही के लिए एसएसपी रजनेश सिंह ने कॉन्स्टेबल नवल तिवारी को सस्पेंड कर दिया है। मामला सरकंडा थाने का है।




# केरल का नाम अब केरलम, कैबिनेट की मंजूरी:सेवातीर्थ में पहली मीटिंग, रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए रू.12,236 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं।

बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2B का एक्सटेंशन होगा।

**प्रस्ताव केरल विधानसभा को भेजा जाएगा-** कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा।

## 1.75 करोड़ इनामी नक्सली देवजी ने तेलंगाना में किया सरेंडर:131 जवानों का है हत्यारा, संग्राम-दामोदर-नरसिम्हा ने भी डाले हथियार

जगदलपुर, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का टॉप लीडर थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी ने सरेंडर कर दिया है। 24 फरवरी को देवजी ने अपने 3 साथियों के साथ तेलंगाना पुलिस के सामने ऑफिशियली हथियार डाल दिए हैं। बसवा राजू के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन ने देवजी को महासचिव बनाया था। हिड़मा के बाद नक्सलियों में यही टॉप लीडर था। छत्तीसगढ़ सरकार ने उस पर डेढ़ करोड़ का इनाम रखा था। अन्य साथियों में संग्राम 1 करोड़ इनामी था। तेलंगाना पुलिस ने दोनों पर 25-25 लाख का इनाम रखा था। देवजी के साथ CCM संग्राम, SCM दामोदर और SCM नरसिम्हा रेड्डी ने आत्मसमर्पण किया है। तेलंगाना DGP ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है।

तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, देवजी और संग्राम दोनों छत्तीसगढ़ में मोस्ट वांटेड नक्सली थे। देवजी बस्तर के 131 से ज्यादा जवानों का हत्यारा है। ताड़मेटला-रानीबोदली अटैक का मास्टरमाइंड है। देवजी के बाद रमन्ना और बेसरा के सरेंडर या एनकाउंटर से छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। अब बस्तर में सिर्फ 200 नक्सली ही बचे हैं।

# छत्तीसगढ़ में होली पर नहीं बिकेगी शराब

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ में होली के दिन शराब बिक्री को लेकर स्थिति एक बार फिर बदल गई है। राज्य सरकार ने होली पर शराब बिक्री की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। आबकारी विभाग इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

नई आबकारी नीति में पहले तय 7 ड्राई डे में से तीन दिन होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस (30 जनवरी) को हटाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद माना जा रहा था कि इन दिनों शराब दुकानें खुली रहेंगी।

अब सरकार ने रुख बदलते हुए होली पर शराब बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। यानी होली के दिन राज्यभर में शराब दुकानें बंद रहेंगी। बताया जा रहा है कि सामाजिक और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि खुशी और उल्लास के पर्व होली पर पूर्व निर्धारित ड्राई डे पहले जैसा ही लागू रहेगी।

**अब इस दिन बंद रहेगी शराब दुकानें**

नए नीति के अनुसार, साल 2026-27 में सिर्फ 4 दिन ड्राई डे घोषित किए गए थे। इनमें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 2 अक्टूबर गांधी जयंती और 18 दिसंबर गुरु घासी दास जयंती शामिल थे। अब इसमें होली का दिन भी शामिल किया गया है।

**आबकारी मंत्री के बयान के बाद सरकार की किरकिरी**

आबकारी मंत्री ने तीन दिन पूर्व बयान दिया था कि नई आबकारी नीति के तहत होली के दिन शराब दुकानें खुली रहेंगी। इस बयान के बाद सरकार की जमकर किरकिरी हुई और सरकार ने यू टर्न ले लिया और सीएम ने एक्स पर पोस्ट किया कि होली के दिन शराब दुकानें नहीं खुलेंगी।

सरोकार

## विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प बजट

24 फरवरी को वित्तमंत्री पी ओ चौधरी ने अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया और हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। एक तरफ योजनाओं को प्रारंभ रखने बड़ी राशि समाहित की गई है, वहीं रोजगार की गारंटी बजट में कहीं दिखाई नहीं देती। मुफ्त की योजनाओं में भारी भरकम राशि का प्रावधान बजट में रखा गया है। यह हास्यास्पद है कि बजट भाषण में वित्तमंत्री ओ पी चौधरी ने कहा- किसी को मारने के लिए आज हथियार की आवश्यकता नहीं है, बल्कि यदि किसी राज्य या देश को मारना है, तो शिक्षा की दुर्गति कर दो। आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा की हालत कैसी है, यह सब जानते हैं और उच्च शिक्षा के लिए पलायन को रोकना सरकार की जिम्मेदारी होती है। हालांकि इस बार स्कूल शिक्षा के लिए बजट बढ़ाया गया है, लेकिन दूसरे राज्यों की तरह स्कूल शिक्षा को गुणवत्ता परक बनाने के लिए बड़ा काम जरूरी है। आज छत्तीसगढ़ में वित्तमंत्री पूर्व आईएएस अधिकारी हैं और जनता को यकीन था कि आईएएस मंत्री छत्तीसगढ़ का उद्धार करने के लिए परफार्मेंस दिखाएंगे और शिक्षा की गुणवत्ता ऐसी होगी, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों का पलायन रूकेगा और प्रदेश में ही बेहतर शिक्षा मिलेगी। बजट में न तो नौकरी की बात की गई है और न ही युवाओं के लिए खास तोहफा दिया गया है। एक तरफ भाजपा नेताओं ने इसे विकसित भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के लिए संकल्प बजट बताया है, वहीं विपक्ष ने इसे जुमला करार दे दिया।

-संपादक



**विंटेज रेड गाउन में ग्लैमरस लुक से करीना कपूर ने चुराया सबका दिल।**

# रोमांच और प्रकृति का संगम शिशुपाल पर्वत बना छत्तीसगढ़ का नया एडवेंचर हब

यदि आप प्रकृति, पहाड़ और एडवेंचर के शौकीन हैं, तो महासमुंद जिले के सरायपाली में स्थित शिशुपाल पर्वत आपके लिए एक शानदार पर्यटन स्थल हो सकता है। आजकल शिशुपाल पर्वत ट्रैकिंग और एडवेंचर के शौकीनों के बीच एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। यह स्थान अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। रायपुर से 157 किमी और सरायपाली से लगभग 20 किमी की दूरी पर स्थित यह पर्वत पर्यटकों को प्रकृति के करीब जाने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है।

**रोमांचक ट्रैकिंग का अनुभव**

शिशुपाल पर्वत समुद्र तल से 900 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए रोमांचक ट्रैकिंग मार्ग है, जो साहसिक गतिविधियों के प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। ट्रैकिंग मार्ग में जंगल, चट्टानें और प्राकृतिक पगडंडियां शामिल हैं। पर्वत के ऊपर एक विशाल मैदान है, जहां से वर्षा ऋतु के दौरान पानी 1100 फीट नीचे गिरता है और भव्य जलप्रपात का निर्माण करता है। यह दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहां की हरियाली और शांत वातावरण एक मनमोहक दृश्य का निर्माण करते हैं। पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पहल की गई है। यहां पहुंचने वाले सैलानियों के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माण किया गया।

**प्राकृतिक सुंदरता और शांति**

शिशुपाल पर्वत की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। यहां का वातावरण, हरियाली और झरने पर्यटकों को मानसिक शांति और सुकून का अनुभव कराते हैं। यह स्थान फोटोग्राफी और प्रकृति के अद्भुत दृश्यों के लिए भी प्रसिद्ध है। शिशुपाल पर्वत न केवल रोमांचक ट्रैकिंग स्थल है, बल्कि इतिहास और प्रकृति का अद्भुत संगम भी है। यहां ट्रैकिंग, फोटोग्राफी और प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। अपने ऐतिहासिक महत्व और प्राकृतिक आकर्षण के कारण शिशुपाल पर्वत आज के दौर में पर्यटन का नया केंद्र बनता जा रहा है।



### ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व

शिशुपाल पर्वत (बड़ा डोंगर) का नाम स्थानीय लोककथाओं से जुड़ा हुआ है। किंवदंती है कि इस पहाड़ पर कभी राजा शिशुपाल का महल हुआ करता था। यहां का गौरवशाली इतिहास रहा है। पर्वत पर ही जर्जर दुर्ग, प्राचीन मंदिर और तालाब के अवशेष आज भी अतीत की गाथा सुनाते हैं। जिनके अनुसार जब अंग्रेजों ने राजा को घेर लिया, तो उन्होंने वीरता का प्रदर्शन करते हुए अपने घोड़े के साथ पहाड़ी से छलांग लगा दी। इस घटना के कारण इस पर्वत का नाम शिशुपाल पर्वत और यहां स्थित झरने का नाम भी उन्हीं के नाम पर पड़ा। यह जलप्रपात अत्यधिक ऊंचाई से गिरने के कारण अद्भुत सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है।

### पर्यटन विकास की संभावनाएं

इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की पहल शासन द्वारा की जा रही है। वहीं आसपास के क्षेत्रों में बांस से बनी हस्तशिल्प वस्तुएं भी पाई जाती हैं, जो स्थानीय लोगों की आय का प्रमुख जरिया बन सकती हैं। इसे एक पर्यटन परिपथ के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। यहां से चंद्रहासिनी देवी मंदिर, गोर्मदा अभ्यारणय, सिंघोड़ा मंदिर, देवदरहा जलप्रपात एवं नरसिंहनाथ जैसे पर्यटन स्थलों को जोड़ा जा सकता है।

### रोजगार के नए अवसर

शिशुपाल पर्वत पर हर वर्ष मकर संक्रांति और महाशिवरात्रि के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा के लिए आते हैं। इस दौरान मंदिर के आसपास भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ मेले की चहल-पहल का आनंद लोग उठाते हैं। धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्भुत अनुभव इसे एक संपूर्ण पर्यटन स्थल बनाता है। यह मेला न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र है। यहां रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

# सौ वर्षों के संघर्ष, विचार और समर्पण की प्रेरक गाथा

# शतक

आज हम जिस भारत में जी रहे हैं, वहां विचार सिर्फ किताबों में नहीं, रोजमर्रा की बातचीत में टकराते हैं। हर पीढ़ी अपने सवाल लेकर खड़ी है और हर सवाल की एक पृष्ठभूमि है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) भी उन्हीं विषयों में से एक है, जिसका नाम आते ही अलग-अलग सोच सामने आ जाती है। करीब सौ साल पहले रखी गई नींव आज भी असर डालती दिखती है। 'शतक' इसी दूरी को भरने की कोशिश करती है, बीते समय और आज के बीच की दूरी। यह फिल्म सिर्फ घटनाओं की गिनती नहीं करती, बल्कि उस शुरुआत को समझने का मौका देती है, जहां से यह सफर शुरू हुआ था। वर्तमान को समझने के लिए अतीत की ओर देखने की जरूरत क्यों है, यही सवाल फिल्म अपने तरीके से सामने रखती है।




**कहानी**

फिल्म की कहानी की शुरुआत केशव बलिराम हेडगेवार से होती है, जो एक साधारण लेकिन दृढ़ निश्चयी व्यक्तित्व के रूप में सामने आते हैं। सीमित संसाधनों और साधारण परिस्थितियों में वे एक ऐसे संगठन की नींव रखते हैं, जिसका उद्देश्य राष्ट्रसेवा और चरित्र निर्माण है। खुले मैदानों में छोटी-छोटी बैठकों और युवाओं के साथ संवाद से एक विचार धीरे-धीरे आकार लेने लगता है।

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, नेतृत्व माधव सदाशिव गोलवलकर के हाथों में आता है। यह दौर चुनौतियों से भरा हुआ दिखाया गया है। महात्मा गांधी की हत्या के बाद संगठन पर लगे प्रतिबंध और उससे उपजे तनावपूर्ण माहौल को संयमित तरीके से दर्शाया गया है। फिल्म इस समय को सनसनीखेज बनाने के बजाय संगठन के धैर्य और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया पर ध्यान देती है। कहानी में दादरा और नगर हवेली की आज़ादी और कश्मीर से जुड़ी घटनाओं को भी शामिल किया गया है, जहां संगठन की भूमिका को रेखांकित करने की कोशिश की गई है। हालांकि इन प्रसंगों को और विस्तार मिल सकता था, फिर भी ये कहानी के दायरे को व्यापक बनाते हैं।

फिल्म की खास बात यह है कि यह केवल बड़े नेताओं तक सीमित नहीं रहती। आम स्वयंसेवकों के जीवन, उनके परिवार से दूर रहने का दर्द, उनका त्याग और उनके विश्वास को भी कहानी में जगह दी गई है। यही मानवीय पक्ष फिल्म को भावनात्मक गहराई देता है।

**निर्देशन**

इस फिल्म की जान उसकी राइटिंग में है। नितिन सावंत, रोहित गहलोत और उत्सव दान ने कहानी को उलझाया नहीं है। भाषा सीधी है, घटनाएं साफ-साफ सामने आती हैं। इसलिए देखते वक्त कहीं भारीपन महसूस नहीं होता। पूरी कहानी की नींव अनिल धनपत अग्रवाल के कॉन्सेप्ट पर टिकी है। उनकी सोच साफ दिखती है। फोकस किसी एक घटना पर नहीं, बल्कि उस पूरे सफर पर है, जिसमें एक विचार धीरे-धीरे आकार लेता है और आगे बढ़ता जाता है।

डायरेक्शन का जिम्मा आशीष मॉल ने बड़े ही सूझ-बूझ के साथ संभाला है। उन्होंने फिल्म को ओवरड्रामा से दूर रखा और हर सीन में जरूरी भावनाओं को ही जगह दी। वहीं प्रोड्यूसर वीर कपूर ने फिल्म की स्केल और क्वालिटी को मजबूत किया है। पूरी फिल्म में संतुलन और पेशेवर अंदाज साफ झलकता है, जो इसे ज्यादा असरदार बनाता है।

**अभिनय**

फिल्म की शुरुआत केशव बलिराम हेडगेवार के चरित्र से होती है। उन्हें एक समर्पित, अनुशासित और दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है। उनका किरदार सादगी और दृढ़ निश्चय का प्रतीक बनकर उभरता है।

**संगीत और तकनीकी पक्ष**

फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर शांत और गंभीर है, जो कहानी की प्रकृति के अनुरूप है। सिनेमैटोग्राफी सधी हुई है और रंगों का प्रयोग भी विषय की गंभीरता को ध्यान में रखकर किया गया है। संवाद सरल और सहज हैं, जिससे कहानी आम दर्शकों तक आसानी से पहुंचती है। शतक एक गंभीर और विचारोत्तेजक फिल्म है, जो इतिहास के एक विशेष दौर और दृष्टिकोण को सामने लाती है। यह न पूरी तरह मनोरंजन प्रधान है और न ही पूरी तरह डॉक्यूमेंट्री बल्कि दोनों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती है। यदि आपको इतिहास, विचारधारा और सामाजिक संगठनों की यात्रा में रुचि है, तो यह फिल्म निश्चित रूप से देखने योग्य है। एजेंसी।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# किरण

किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, दोनों ही किरण जीवन के अंधकार को मिटा देती हैं। जीवन में हमेशा आशा की किरण जगाए रखिए। आशा की किरण ही वह तत्व है, जो मनुष्य के जीवन में सकारात्मक विचार को पनपने देता है और सकारात्मक विचार से ही सफलता की गारंटी मिलती है। जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी जो अपने आपको सम रखने में सफल होता है, उसका जीवन आगे बढ़ता है। बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। बच्चों को ऐसे समय में किसी भी परिस्थिति में नकारात्मक सोच को मन में पनपने नहीं देना चाहिए।

यह सिर्फ परीक्षा है, जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं। मन में हमेशा यह सोचें कि मुझमें सामर्थ्य है और मैं इसे कर सकता हूं। यह सिर्फ परीक्षा है, भविष्य का अंतिम पड़ाव नहीं। परीक्षा सिर्फ जीवन के लक्ष्य का एक पड़ाव मात्र है। आशा की किरण जगाए रखिए... सफलता अवश्य मिलेगी।

बोर्ड परीक्षा में समय की बहुत कीमत होती है। परीक्षा प्रारंभ होने से 15 मिनट पूर्व कक्ष में दाखिल होना जरूरी है। जैसे ही प्रश्न पत्र मिलते हैं, शांत भाव से 5 मिनट निकालिए और प्रश्न पत्र को सरसरी तौर पर पढ़ें। सरल प्रश्नों को पहले हल करें और सरल प्रश्न हल हो जाने के बाद आपको नई ऊर्जा मिलेगी और आगे का सवाल हल करने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी। अगर पर्चा शतप्रतिशत हल नहीं हो पाता, तो घबराने की जरूरत नहीं और न ही नकारात्मक सोचें। अगला पर्चा की तैयारी पहले से बेहतर करें, ताकि पिछले पर्चा की कमी अगला पर्चा में पूरी कर सकें और इस तरह आपके अंक बेहतर आएंगे। पर्चा बिगड़ने से मन में किसी तरह की नकारात्मक सोच बेहतर भविष्य के लिए घातक है और मन में सिर्फ यही विचार आना चाहिए कि मैं हारूंगा नहीं और कठिन चुनौतियों को सामना करने के लिए तैयार हूं। यही आशा की किरण आपके भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी।

# पिछले 6 सालों में पहली बार इतनी जल्दी मनेगी होली



होली 2026 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। पंचांग और ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस बार रंगों का त्योहार पिछले 6 सालों में पहली बार इतनी जल्दी मनाया जाएगा। जहां पिछले साल होली 15 मार्च को थी, वहीं साल 2026 में होली 4 मार्च को खेली जाएगी। तिथियों में इस बदलाव की मुख्य वजह अधिकमास और ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति बताई जा रही है।

**कब से कब तक रहेगी पूर्णिमा तिथि ?**

फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा की शुरुआत: 2 मार्च शाम 5:32 बजे

पूर्णिमा तिथि की समाप्ति: 3 मार्च शाम 4:46 बजे

**पिछले वर्षों में कब-कब मनाई गई होली ?**

2025: 15 मार्च, 2024: 25 मार्च,

2023: 8 मार्च, 2022: 18 मार्च,

2021: 29 मार्च, 2020: 10 मार्च

इन आंकड़ों से साफ है कि इस बार होली काफी पहले पड़ रही है।

**कब होगा होलिका दहन ?**

साल 2026 में होलिका दहन 3 मार्च (मंगलवार) को किया जाएगा।

2 मार्च को पूर्णिमा लगते ही भद्रा शुरू हो जाएगी और शास्त्रों के अनुसार भद्रा के मुख काल में होलिका दहन करना वर्जित माना गया है।

**होलिका दहन का शुभ मुहूर्त:** शाम 6:22 बजे से रात 8:50 बजे तक।

3 मार्च को क्यों नहीं खेली जाएगी होली ?

3 मार्च को चंद्रग्रहण लगने वाला है।

ग्रहण की अवधि: दोपहर 3:21 बजे से शाम 6:47 बजे तक

इस दौरान चंद्रमा लाल रंग का दिखाई देगा, जिसे आम भाषा में ब्लड मून कहा जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ग्रहण से लगभग 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाता है।

यानी 3 मार्च सुबह करीब 9:39 बजे से सूतक काल लागू होगा।

सूतक काल में शुभ कार्य और त्योहार मनाना निषिद्ध माना जाता है, इसलिए इस दिन रंग नहीं खेला जाएगा।

**4 मार्च को मनाई जाएगी रंगों की होली**

ग्रहण और सूतक काल समाप्त होने के बाद 4 मार्च को होली खेलना शास्त्रों के अनुसार शुभ माना गया है।

इस दिन पूर्वा फाल्गुनी और उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र का संयोग रहेगा। साथ ही धृति योग भी बनेगा, जिसे होली खेलने के लिए शुभ माना जाता है। एजेंसी।



## कोई अर्थ नहीं...

नित जीवन के संघर्षों से
जब टूट चुका हो अन्तर्मन,
तब सुख के मिले समन्दर का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

जब फसल सूख कर जल के बिन
तिनका -तिनका बन गिर जाये,
फिर होने वाली वर्षा का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

सम्बन्ध कोई भी हों लेकिन
यदि दु:ख में साथ न दें अपना,
फिर सुख में उन सम्बन्धों का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

छोटी-छोटी खुशियों के क्षण
निकले जाते हैं रोज़ जहाँ,
फिर सुख की नित्य प्रतीक्षा का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

मन कटुवाणी से आहत हो
भीतर तक छलनी हो जाये,
फिर बाद कहे प्रिय वचनों का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

सुख-साधन चाहे जितने हों
पर काया रोगों का घर हो,
फिर उन अगनित सुविधाओं का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

**-राष्ट्रकवि श्री रामधारी सिंह दिनकर**

## शरीर को मत चमकाओ

शरीर को मत चमकाओ,
इसे तो मिट्टी में मिल जाना है।
चमकाना है तो आत्मा को चमकाओ,
इसे ही सतलोक जाना है।
ये शरीर वो लिफाफा है,
यहीं फाड़ कर फेंक दिया जाएगा।
असली खत तो आत्मा है,
जिसे परमात्मा पढ़ेगा।
उस मकान को इतना क्यों सजाना,
जो किराए का है।
तैयारी उस घर की करो,
जहां हमेशा रहना है।
शरीर को मत चमकाओ,
इसे तो मिट्टी में मिल जाना है।।



## निशा निमंत्रण

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

हो जाए न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-
जल्दी चलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी
चंचलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में
विह्वलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

**हरिवंश राय बच्चन**

## कृतज्ञता का महत्व

कृतज्ञता केवल धन्यवाद कहना नहीं,
बल्कि जीवन को स्वीकार करना है।
जब हम छोटी-छोटी बातों के लिए आभारी
होते हैं,
तो मन स्वत: ही प्रसन्न हो जाता है।
जो हमारे पास है,
उसे पहचानना ही सच्ची समृद्धि है।
असंतोष हमें कमी दिखाता है,
कृतज्ञता हमें पूर्णता का अनुभव कराती है।
हर दिन एक अवसर है
धन्यवाद कहने का-
जीवन को, लोगों को और स्वयं को।
जहां कृतज्ञता होती है,
वहीं शांति और संतोष जन्म लेते हैं।।

# खेलो इंडिया:कोरबा के सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी से शुभम और मयंक का चयन

**खेल प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 29 फरवरी तक सिलीगुड़ी (प.बं.) में**

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ीयों के विकास हेतु खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अलग अलग स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुद्वान ने बताया कि खेलो इंडिया मुहिम के तहत वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में अस्मिता खेलो इंडिया ईस्ट जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 29 फरवरी 2026 तक सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में किया जाएगा। जिसमें ईस्ट जोन से पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मणिपुर, नागालैंड, झारखंड एवं अरुणाचल प्रदेश की टीम भाग लेगी। उक्त प्रतियोगिता को संपादित करने हेतु वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से क्वालीफाइड रेफरी का चयन किया



गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के कोरबा के सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी से शुभम यादव एवं मयंक डड़सेना का चयन हुआ है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा, संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदिवान, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक खेल प्रभारी आर के साहू, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी की डायरेक्टर श्रीमती प्रीति मिश्रा, ओलंपिक एसोसिएशन पदाधिकारी गण, वरिष्ठ किकबॉक्सिंग खिलाड़ी प्रभात साहू, अंकुश लाल यादव, जुनैद आलम, रितेश सहा,रमेश साहू, अशोक साहु, प्रतिभा राय, रेहाना फातिमा, सुयश नामदेव, जगदीश यादव, हिमांशु यादव, तुषार सिंह , मयंक सिंह सहित खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

# साडा कन्या विद्यालय में एनएसएस 'ए' प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न, 23 स्वयंसेविकाओं ने दी भागीदारी

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

कोरबा जिले के साडा कन्या विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत 'ए' प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह परीक्षा अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं की लिखित एवं मौखिक दोनों प्रकार की परीक्षाएं ली गईं।

परीक्षा में कुल 23 स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाह्य परीक्षक के स्वागत से हुई। इस अवसर पर मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज से असिस्टेंट प्रोफेसर वर्षा सिंह तंवर बाह्य परीक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर औपचारिक स्वागत किया।

परीक्षा के दौरान स्वयंसेविकाओं के अनुशासन, तैयारी और आत्मविश्वास की सराहना की गई। लिखित परीक्षा में एनएसएस के उद्देश्य, गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जबकि मौखिक परीक्षा में छात्राओं की समझ और व्यवहारिक ज्ञान का आकलन किया गया।






कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल प्रमाण पत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने सभी स्वयंसेविकाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय नेताम, राय सिंह, तपेश्वर राठौर, रामा, अनिल गिरी, कार्यक्रम सह प्रभारी रेणुका लदेर, शिक्षिका सविता राठौर एवं विनय साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर सभी अतिथियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और एनएसएस गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# सरस्वती सायकिल योजना: सीतामणी स्कूल में नवमी की छात्राएं सायकिल पा कर खुश हुईं

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

## हर वर्ग का ध्यान रखती है भाजपा सरकार-वैभव शर्मा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामणी में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती सायकिल योजना के तहत कक्षा नवमी की छात्राओं को सायकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार हर वर्ग का ध्यान रखती है। सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं को विद्यालय आने में काफी सहुलियत होती है और समय की भी बचत होती है। सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं की रूचि उच्च कक्षाओं में पढ़ने के लिए होती है। उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं को भी गिनाया और कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा है और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ को भी विकसित बनाने का संकल्प प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित विद्यालय के व्यख्याता एवं एसएमडीसी के



सदस्यगण श्रीमती मामौनी भौमिक, श्रीमती सुनीता निर्मलकर, तुषार साहू, मनीराम साहू, प्रभात मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**परिसर में किया गया पौधरोपण**

कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद मुख्य अतिथि वैभव शर्मा सहित सभी अतिथियों एवं विद्यालय परिवार ने पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## नवनियुक्त भाजयुमो जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत

विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर भाजयुमो के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा का विद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत वैभव शर्मा ने सभी का आभार जताया।



# पाली-तानाखार में कमल खिलाने का संकल्प

**कोरबा/पाली (दिव्य आकाश)।**

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोरबा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा, पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत चैतमा मंडल, पोड़ी-लाफा मंडल एवं पाली मंडल के दौरे पर रहे और कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां उनका भव्य स्वागत युवामोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया।

सबसे पहले वैभव शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ माँ महिषासुर मर्दिनी चैतुरगढ़ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने माँ महिषासुर मर्दिनी की पूजा-अर्चना की और उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं संगठन की विजय के लिए माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा ने आगामी चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के विधायक को पराजित कर पाली-तानाखार विधानसभा में कमल फूल का विधायक बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता और युवाओं की भागीदारी से यह लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जाएगा। बैठकों में संगठन विस्तार, युवा जोहार कार्यक्रम की रणनीति एवं आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त सभी कार्यक्रम युवा जोहार अभियान के अंतर्गत सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु अपात्र आवेदनों की सूची जारी

**कोरबा (दिव्य आकाश)।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। प्राक्चयन प्रवेश परीक्षा 01 मार्च 2026, रविवार को प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। प्रवेश हेतु ऑनलाईन कुल 2025 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1977 आवेदन पात्र तथा 48 आवेदन अपात्र पाए गए हैं। प्रवेश पत्र एकलव्य की आधिकारिक वेबसाईट https:// eklavya.cg.nic.in/ पर उपलब्ध रहेगा। जिलावासियों एवं अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे परीक्षा से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए शासन की वेबसाइट एवं सूचना पटल का अवलोकन करते रहें।

# कोरबा में 600 महिलाओं को सम्मानित किया गया : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अदाणी फाउंडेशन ने पताड़ी में किया आयोजन

**कोरबा/उरगा (दिव्य आकाश)।**

कोरबा जिले के बरपाली तहसील में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अदाणी फाउंडेशन ने कोरबा पॉवर लिमिटेड के पास ग्राम पताड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें आसपास की 14 ग्राम पंचायतों से लगभग 600 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस समारोह में ग्राम पताड़ी, पहन्दा, खोड्डल, सरगबूंदिया, कुदूरमल, ढ़नढ़नी, कटबितला और देवरमल सहित अन्य ग्रामों की 100 मितानिनों तथा 500 स्व-सहायता समूह की सदस्यों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को प्रोत्साहित करना और समाज में उनकी भूमिका को सम्मान देना था।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत, जनपद सदस्य (सरगबूंदिया) रीना सिदार और जिला समन्वयक (मितानिन) वंदना गुप्ता मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इनके अतिरिक्त, सरपंच, अन्य प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

कोरबा पॉवर लिमिटेड से डॉ. विकास ठाकुर और अरुण प्रसाद सहित अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।




## जिला पंचायत सदस्य बोलीं- महिलाएं देश के हर क्षेत्र में आगे

सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत ने कहा कि आज महिलाएं देश के हर क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने भारत की महिला राष्ट्रपति का उदाहरण देते हुए कहा कि यह देश की प्रगति में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। उन्होंने समाज के विकास में महिलाओं के योगदान को गौरव का विषय बताया।





## मितानिनों का योगदान वंदनीय - वंदना गुप्ता

जिला समन्वयक (मितानिन) वंदना गुप्ता ने बताया कि मितानिनों ने कोरोना काल जैसे कठिन समय में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने में उल्लेखनीय एवं वंदनीय योगदान दिया है। उन्होंने प्रसूति सेवाओं सहित ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## महिलाओं को आगे बढ़ाने अडाणी समूह का कार्य प्रशंसनीय-रीना

जनपद सदस्य रीना सिदार ने अपने संबोधन में कहा कि अदाणी समूह द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह महिलाओं को आगे बढ़ने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब ट्रेन से लेकर विमान तक संचालित कर रही हैं और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

# बालको अस्पताल में नई फार्मेसी का शुभारंभ, क्षेत्रीय मरीजों को मिलेगी आसानी से दवा

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

बालको मेडिकल सेंटर द्वारा बालको अस्पताल परिसर में एक नई फार्मेसी (औषधि भंडार) की शुरुआत की गई है। इस फार्मेसी का उद्घाटन भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार तथा बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही द्वारा किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सक अधिकारी विवेक सिन्हा एवं कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इसका उद्देश्य कोरबा एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को एक ही स्थान पर आसानी से कम कीमत और उचित समय पर आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है।



नई फार्मेसी के शुरू होने से अब मरीजों और उनके परिजनों को दवाइयों के लिए शहर के दूर-दराज इलाकों में भटकना नहीं पड़ेगा। यहाँ सामान्य से लेकर विशेष उपचार में उपयोग होने वाली आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध रहेंगी, जिन पर विशेष रियायत भी दी जाएगी, जिससे इलाज का खर्च कम होगा और मरीजों को समय पर दवा मिल सकेगी।






## बेहतर, सुलभ एवं भरोसेमंद स्वास्थ्य सुविधा के लिए बालको प्रतिबद्ध-राजेश

बालको के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के लोगों को बेहतर, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मरीजों को उपचार के साथ-साथ दवाइयाँ भी उसी परिसर में आसानी से मिल सकेंगी। कंपनी हमेशा सामुदायिक स्वास्थ्य विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# बालको ने पाली महोत्सव में प्रदर्शित किया सामुदायिक विकास का मॉडल

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने दो-दिवसीय पाली महोत्सव में अपनी सशक्त सामाजिक भागीदारी के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रदर्शनी के माध्यम से बताया कि औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ सामुदायिक विकास भी उसकी प्राथमिकता है।

महोत्सव के दौरान कई जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय समुदाय के लोगों बालको के प्रदर्शनी की हिस्सा बने। इनमें प्रमुख रूप से लखन लाल देवांगन (छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग मंत्री) तथा श्रीमती ज्योत्सना महंत (कोरबा सांसद) सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी अतिथियों और दर्शकों ने बालको के स्टॉल की पारंपरिक थीम, महिलाओं के प्रयासों तथा सामुदायिक विकास पहल को सराहनीय बताया। बालको के स्टॉल का अवलोकन करते हुए मंत्री लखन लाल देवांगन ने महिलाओं के स्व-सहायता समूहों, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। वहीं सांसद ज्योत्सना महंत ने आयोजन को क्षेत्र के लोगों के लिए उत्साह और सांस्कृतिक गौरव का केंद्र बताया तथा बालको के सामुदायिक विकास कार्यों पर स्व सहायता समूह की महिलाओं से बात की तथा कंपनी के उन्नति परियोजना की सराहना की। सामुदायिक विकास कार्यों के साथ ही स्टॉल में एल्यूमिनियम निर्माण प्रक्रिया के साथ-साथ सामाजिक विकास से जुड़ी पहल की भी सुंदर और सरल प्रस्तुति की गई। महोत्सव में बालको से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार गोंकरा, लिपन, मिरर और म्यूरल आर्ट के साथ-साथ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों ने आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। यह पहल न केवल स्थानीय कला और खान-पान को मंच देती है, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की दिशा में उठाए गए मजबूत कदमों को भी दर्शाती है। साथ ही कंपनी ने प्रदर्शनी के माध्यम से आगंतुकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा स्वावलंबन और आधारभूत संरचना विकास से संबंधित परियोजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नंदघर परियोजना एवं बालको के स्वास्थ्य सेवा प्रयासों को भी प्रदर्शित किया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि बालको केवल एक औद्योगिक संस्था नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास का भरोसेमंद साझेदार है। बालको पिछले छह दशकों से उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशन के मूल्यों के साथ कार्य कर रहा है। कंपनी द्वारा आसपास के लगभग 123 गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से दो लाख से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। कंपनी के सतत विकास की इस यात्रा में जिला प्रशासन, समाज और समुदाय की साझेदारी ही वास्तविक शक्ति है। यही सहयोग एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।





## औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ सामुदायिक विकास भी बालको की प्राथमिकता

# बालको की 'कनेक्ट कोचिंग प्रोग्राम' मेधावी युवाओं के सपने को कर रहा साकार

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के सामुदायिक विकास का उद्देश्य केवल शिक्षा सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसी सोच के साथ बालको सामुदायिक विकास द्वारा समर्थित भोरमदेव विद्यापीठ के माध्यम से कबीरधाम जिले के दूरस्थ और संसाधन-विहीन क्षेत्रों के युवाओं को नि:शुल्क कोचिंग, मार्गदर्शन एवं अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

इस पहल के अंतर्गत चयनित सभी 20 अभ्यर्थियों को अनुभवी शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन मिल है। लाभान्वित अभ्यर्थी विभिन्न गांव और साधारण परिवार से आते हैं। किसी के माता-पिता खेती और मजदूरी पर निर्भर हैं, तो किसी के पास पढ़ाई के लिए सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। कई विद्यार्थियों ने प्रतिदिन 10 से 15 किलोमीटर तक की दूरी तय कर बालको संचालित कोचिंग सेंटर में भाग लिया और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी तैयारे जारी रखी। संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए सहयोगपूर्ण और प्रेरणादायक वातावरण ने उनके आत्मविश्वास को मजबूत किया और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की नई दिशा दी। आर्थिक सीमाएं, दूर-दराज से रोज़ाना यात्रा और संसाधनों की कमी उनके लिए बड़ी चुनौती थीं, लेकिन आगे बढ़ने का जज़्बा सभी में समान था। किसान परिवार से आने वाली अनुपा के लिए सीमित संसाधनों के कारण प्रतियोगी परीक्षाएं कभी एक दूर का सपना हुआ करती थीं। यह सपना तब साकार होने लगा, जब उन्हें बालको कनेक्ट कोचिंग पहल द्वारा संचालित भोरमदेव विद्यापीठ कोचिंग कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर मिला। कवर्धा जिले के छोटे से गांव मंझोली से निकलकर अनुपा ने अपने समाज की पहली बेटी बनकर सरकारी परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने एसएससी-जीडी परीक्षा के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयन पाकर एक नई मिसाल कायम की है। अनुपा कहती हैं कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से सरकारी परीक्षा की तैयारी करना आसान नहीं होता, खासकर तब जब संसाधन और सही मार्गदर्शन उपलब्ध न हों। बालको के कनेक्ट कोचिंग पहल द्वारा समर्थित भोरमदेव विद्यापीठ कार्यक्रम ने मुझे एक व्यवस्थित वातावरण, निरंतर मेंटरशिप और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने का आत्मविश्वास दिया। मैं बालको की बेहद आभारी हूं कि उन्होंने यह केंद्र शुरू किया और मुझ जैसी छात्राओं पर भरोसा किया। इस अवसर ने मेरी ज़िंदगी बदल दी है और मुझे उम्मीद है कि मेरे जैसे गांवों की और भी बेटियां बड़े सपने देखने का साहस करेंगी।



## स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

### फाइनल मुकाबले में शिक्षा विभाग की टीम को 57 रन से किया परास्त

# 2026 का चैंपियन बना बालको

## प्रेस क्लब का आयोजन प्रशंसनीय : कलेक्टर दुदावत

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 के चैंपियन का ताज पुनः बालको की टीम के सिर सजा। फाइनल मुकाबले में शिक्षा विभाग की टीम को परास्त कर बालको की टीम ने ट्राफी अपने नाम की। टॉस जीतकर बालको की टीम ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बालको की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 157 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिक्षा विभाग की टीम लगातार अंतराल पर विकेट खोती रही। 8 विकेट खोकर शिक्षा विभाग की टीम 100 रन ही बना सकी। बालको की टीम ने 57 रन से फाइनल मुकाबले को जीतकर टाइटल अपने नाम किया। बालको की टीम के मंजय सिंह ने 24 गेंद में शानदार 56 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और 6 गगनचुंबी छक्के लगाए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। विजेता टीम बालको को उपस्थित अतिथियों द्वारा स्व.केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता की चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता टीम शिक्षा विभाग को स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति ट्रॉफी से नवाजा गया।

फाइनल मुकाबले को देखने घंटाघर मैदान में क्रिकेट के प्रेमियों की भारी भीड़ रही। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में प्रेस क्लब कोरबा के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, प्रेस क्लब सदस्य, पत्रकारबंधु व बड़ी संख्या में गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

**मंजय को बेस्ट बेस्ट बैट्समैन का खिताब**

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से भी नवाजा गया। बेस्ट बैट्समैन बालको 11 के मंजय सिंह रहे। बेस्ट बॉलर शिक्षा विभाग टीम के संजय कुर्रे रहे। बेस्ट फील्डर शिक्षा विभाग के पुरुषोत्तम केवट और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार बालको 11 के अरविंद मानिकपुरी को प्रदान किया गया। अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से नवाजा गया।



प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, भाजयुमो महामंत्री व वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय, दर्री सीएसपी आईपीएस विमल कुमार ठाकुर, बालको जनसंपर्क अधिकारी दीपक बाजपेयी, अदानी पावर पीआर हेड अतुल गुप्ता की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सहसचिव हरिकिशन गंगवानी, पूर्व अध्यक्ष तिलक राज सलूजा और वरिष्ठ पत्रकार रविशंकर शुक्ला ने विशेष उपस्थिति प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि की आसंदी से कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब पिछले 22 वर्षों से वरिष्ठ पत्रकार स्व. केशव लाल मेहता की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करा रहा है। प्रेस क्लब का यह आयोजन प्रशंसनीय है।



### प्रेस क्लब का आयोजन अभूतपूर्व - सीईओ दिनेश नाग

जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने कहा कि प्रेस क्लब कोरबा के पत्रकार साथियों द्वारा पत्रकारिता के मूल दायित्व के साथ खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सराहनीय पहल है। मैंने पहली बार यहां आकर देखा कि यह प्रतियोगिता अद्भूत है। इसकी पहचान देशभर में होनी चाहिए। मुझे यहां पहली बार आने का मौका मिला, काफी रोमांचित हूं।

### रनरअप रहा शिक्षा विभाग : डीईओ उपाध्याय ने कहा- शिक्षा विभाग ने रच दिया इतिहास, पुलिस विभाग को हरा दिया



23 फरवरी को फाइनल मैच खेला गया। शिक्षा विभाग ने इस बार उलट फेर कर दिया और रनरअप का खिताब जीता। डीईओ टीपी उपाध्याय ने कहा - शिक्षा विभाग ने पुलिस विभाग को हरा कर इतिहास रच दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि



### बच्चों ने शिक्षकों को हरा दिया, अच्छा लगा - आयुक्त पाण्डेय

नगर निगम आयुक्त आईएएस आशुतोष पांडेय ने कहा कि प्रशासन सहित विभिन्न विभाग और औद्योगिक उपक्रमों को एक मंच पर लाकर इस तरह का आयोजन करना सराहनीय है। इस आयोजन के लिए प्रेस क्लब परिवार बधाई का पात्र है। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि आज बालको के बच्चों ने शिक्षकों को हरा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि खेल में कोई हारता नहीं। कोई जीतता है, तो कोई सिखता है। पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार स्व. की केशवलाल मेहता की स्मृति में लगातार 22 वर्षों से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वर्गीय मेहता को प्रेस क्लब परिवार की सच्ची श्रद्धांजलि है।

























**मुख्यमंत्री का जन्मदिन ( 21 फरवरी ) पूरे प्रदेश में मना उल्लास के साथ**

# माँ का आशीर्वाद और अपार जनस्नेह : बगिया में आत्मीयता के साथ मना मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**जशपुर ( दिव्य आकाश )।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 62वाँ जन्मदिवस उनके गृहग्राम बगिया में अत्यंत उत्साह, आत्मीयता और पारिवारिक स्नेह के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने गृहग्राम बगिया स्थित अपने घर पहुंचते ही सबसे पहले अपनी माता श्रीमती जसमनी देवी के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सभी के स्नेह, शुभकामनाओं और आत्मीय स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनस्नेह ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने अपने जन्मदिवस को विशेष और यादगार बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस विशेष अवसर पर बगिया स्थित श्री राम सदन में सत्यनारायण व्रत कथा श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनकी माताजी श्रीमती जसमनी देवी, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ व्रत कथा का श्रवण किया तथा ईश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन से पूर्व ही उनके गृहग्राम बगिया स्थित गृहनिवास में उनसे मिलने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों में मुख्यमंत्री से भेंट करने और उन्हें शुभकामनाएं देने को लेकर विशेष उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय एवं श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार राय सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के प्रतिनिधिगण, जनप्रतिनिधि, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह तथा अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## क्रिकेट में जिले का नाम रोशन कर चुकी छात्राओं को मुख्यमंत्री ने प्रदान की क्रिकेट किट



क्रिकेट की दुनिया में जिले का नाम रोशन करने वाली शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, इचकेला की प्रतिभाशाली छात्राओं को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रोत्साहित करते हुए 15 क्रिकेट किट प्रदान किया। छात्रावास की इन छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले को गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इसी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहें तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम रोशन करें।

## पारंपरिक परिधान में आए पहाड़ी कोरवा समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को दी जन्मदिवस की बधाई



बगीचा से आए विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय पहाड़ी कोरवा समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पहाड़ी कोरवा समाज के सदस्य अपने पारम्परिक वेशभूषा एवं तीर-धनुष के साथ उपस्थित हुए, जिससे उनकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनसे आत्मीय संवाद करते हुए उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। इस पर पहाड़ी कोरवा समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में उनके क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य संचालित हो रहे हैं तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उनके गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है और उनके क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है।

# जन्मदिन पर मुख्यमंत्री निवास बना उल्लास का केंद्र



**रायपुर ( दिव्य आकाश )।**

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी आगंतुकों से आत्मीयता से मुलाकात की और स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रेम और सहयोग से मैं अभिभूत हूँ। छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है। आपका निरंतर समर्थन और आशीर्वाद इसी तरह बना रहे, यही मेरी कामना है।

**प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं**

मुख्यमंत्री निवास में मंत्रीगण, विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री साय को बधाई दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह,खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही विधायकगण धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, दीपेश साहू और ललित चन्द्राकर सहित विभिन्न आयोग एवं मंडल के अध्यक्षों, सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी।

**प्रदेशभर से उमड़ा शुभकामनाओं का सैलाब**

मुख्यमंत्री श्री साय को प्रदेश के उद्योगपतियों, व्यापारी संगठनों, खेल जगत के प्रतिनिधियों, समाजिक संगठन, दिव्यांग संगठन,अल्पसंख्यक समाज, समाजसेवियों, शिक्षाविदों और मीडिया जगत के वरिष्ठ जनों ने भी शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास और समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश बनाने के लिए सरकार प्रत्येक वर्ग के हित में कार्य कर रही है, और यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

**प्रोजेक्ट दिव्य धुन और कला केंद्र के बच्चों ने बांधा समां**

मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर प्रोजेक्ट दिव्य धुन के तहत शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय मठपुरैना के बच्चों के बच्चों ने गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। बच्चों ने बार बार दिन ये आए, अंगना म भारत माता के चिरैया सहित जसजीत, करमा और देवार गीत से समां बांध दिया। मुख्यमंत्री श्री साय बहुत प्रेम से बच्चों से मिले और उनकी कला को सराहा। उन्होंने बच्चों को ट्रैक सूट, लोवर टीशर्ट और प्रोत्साहन राशि भेंट की।

## मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट धड़कन और जिंदगी मुस्कुराएगी के बच्चों संग बांटी खुशियां



जिला प्रशासन रायपुर एवं स्वास्थ्य विभाग की पहल प्रोजेक्ट धड़कन के तहत हृदय रोग की सर्जरी के बाद बच्चे पारुल, नमन शर्मा और हिमांशु ध्रुव और प्रोजेक्ट जिंदगी मुस्कुराएगी के तहत नाक की सर्जरी के बाद नन्ही प्रेमिन साहू ने भी अपने प्रिय मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री बड़ी ही आत्मीयता से इन बच्चों से मिले और उन्हें दुलारते हुए नन्हे नमन शर्मा को अपनी गोद में उठा लिया। मुख्यमंत्री ने छोटी सी उम्र में गंभीर बीमारियों का मुकाबला कर रहे बहादुर बच्चों का खूब हौसला बढ़ाया और बच्चों को गिफ्ट में प्रेरक किताबें भेंट की।

कला केंद्र रायपुर के बच्चे भी अपने चहेते मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। कक्षा आठवीं के विद्यार्थी नन्हे आदित्य शर्मा ने अपने द्वारा बनाया मुख्यमंत्री का स्केच उन्हें भेंट किया। वायलिन वादक बच्चे आरीव झा और अमायरा अग्रवाल, तबला वादक योगेश सिंह सहित सभी बच्चों को मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**जन्मदिन की बधाई देने सामाजिक संगठनों और नागरिकों का लगा तांता**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को उनके जन्मदिवस पर बधाई देने बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन और नागरिकगण पहुंचे। महिला अधिवक्ताओं ने पगड़ी पहनाकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया। सिख समाज ने मुख्यमंत्री को पवित्र कृपाण भेंटकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। शदाणी दरबार रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री को पवित्र सरोपा भेंट किया गया।

छत्तीसगढ़ रामनामी राम राम भजन संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को रामनामी मुकुट और शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय की बहनों तथा रायपुर प्रेस क्लब, राज्य प्रशासनिक सेवा संघ और छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के सदस्यों ने भी जन्मदिन की बधाई की। हमर चिन्हारी साहित्य समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को उनका एक पोट्रेट भेंट किया।

# विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर कोरबा में सेवा का संगम, भाजपा ने मनाया 'सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**




भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस को पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ 'सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में जिले भर में जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर इस दिन को यादगार बना दिया गया।

**सेवा के रंग में रंगा कोरबा**

मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, अस्पतालों में फल वितरण, जरूरतमंदों को राशन सामग्री प्रदान, तालाबों की साफ-सफाई, महतारी सम्मान समारोह, विभिन्न सामाजिक वर्गों का सम्मान तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद दीप प्रज्वलन व प्रसादी वितरण जैसे अनेक सेवा कार्य संपन्न किए गए। जिले के सभी मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जनकल्याण की भावना को साकार रूप दिया।

**हर मंडल व मोर्चा सक्रिय, सेवा का संदेश प्रभावी**

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प दोहरा रहा है। जिनमें महिला मोर्चा वृक्षारोपण अभियान, किसान मोर्चा कृषकों का सम्मान, जनजाति मोर्चा फल वितरण, अनुसूचित जाति मोर्चा स्वच्छता अभियान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा श्रमिक सम्मान, युवा मोर्चा हितग्राही सम्मान एवं महतारी वंदन, इसी प्रकार सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा के कार्य किये गये।

**मुख्यमंत्री, सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं - गोपाल मोदी**

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, 'महतारी वंदन' योजना के अंतर्गत माताओं-बहनों को 1000 रुपए प्रतिमाह की सहायता तथा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर प्रगति की कामना की। सेवा, समर्पण और संकल्प के साथ मनाया गया यह आयोजन कोरबा जिले में जनसेवा के एक नए उत्साह का संदेश दे गया।



## सीएम निवास में रक्तदान शिविर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने 62वें जन्मदिन के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की तथा रक्तदाताओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। अल्फा ग्लोब फाउंडेशन, रायपुर तथा शिवनाथ ब्लड सेंटर द्वारा 62 लोगों के रक्तदान की विशेष व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान महादान है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक म्हस्के, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस, अल्फा ग्लोब फाउंडेशन, रायपुर की संचालक डॉ. पूनम अग्रवाल, संस्थान के अन्य प्रतिनिधि और रक्तदाता उपस्थित थे।

## युवामोर्चा का आयोजन:महतारी वंदन एवं पीएम आवास हितग्राहियों का अभिनंदन

**कोरबा ( दिव्य अकाश )।**



आदिवासी अस्मिता का अभिमान, छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और इस पावन धरती के गौरव, प्रदेश की जनभावनाओं के संवाहक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोरबा द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा एवं जिला महामंत्री मोंटी पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में भारतीय जनता युवा मोर्चा कोसाबाड़ी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही माताओं एवं बहनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति विश्वास और सम्मान का प्रतीक है।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा के 'हितग्राही सम्मान अभियान' से कोरबा में सुशासन का संदेश



**कोरबा/हरदीबाजार।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा और सम्मान के रूप में मनाया गया और हितग्राही सम्मान अभियान से कोरबा में सुशासन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल एवं ग्राम कोरबी के सरपंच विजय सिंह धनुहार की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर एवं उनकी टीम की इस पहल की प्रशंसा की गई। प्रात: 8.30 बजे भिलाईबाजार मंडल के ग्राम पंचायत भलपहरी एवं 10.30 बजे हरदीबाजार मंडल के ग्राम कोरबी में महतारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के हितग्राही बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

## बच्चों के चेहरों की मुस्कान बना मुख्यमंत्री साय के जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार



**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने 62वें जन्मदिवस को जशपुर के बगिया स्थित बालक आश्रम के बच्चों के बीच जिस आत्मीयता और स्नेह के साथ मनाया, उसने इस दिन को बच्चों के जीवन की एक अविस्मरणीय स्मृति बना दिया। जैसे ही मुख्यमंत्री आश्रम परिसर पहुँचे, बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक दौड़ गई। वे दौड़कर उनके पास आए और कुछ ही क्षणों में पूरा वातावरण एक पारिवारिक मिलन जैसा हो गया। उस पल मुख्यमंत्री किसी पद पर आसीन व्यक्ति नहीं, बल्कि बच्चों के अपने स्नेही अभिभावक की तरह उनके बीच दिखाई दे रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों के साथ केक काटा और उनके साथ बैठकर बातें कीं। उन्होंने बच्चों के नाम पूछे, पढ़ाई के बारे में जाना, उनके सपनों को सुना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जब मुख्यमंत्री बच्चों से बात कर रहे थे, तब उनके चेहरे पर झलकता स्नेह और अपनत्व बच्चों के मन में गहरा विश्वास जगा रहा था। बच्चे भी पूरी सहजता से उनसे बातें करते हुए खुशी से चहकते रहे।

आश्रम परिसर में उस समय जो दृश्य था, वह एक परिवार के बीच मनाए जा रहे उत्सव जैसा महसूस हो रहा था। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों को अपने हाथों से केक और चॉकलेट खिलाया। उन्होंने बच्चों के सिर पर हाथ फेरते हुए आशीर्वाद दिया और कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें, बड़े सपने देखें और जीवन में आगे बढ़कर अपने परिवार तथा प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि आप सब बच्चों की मुस्कान मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है। उनके इन स्नेहपूर्ण शब्दों ने बच्चों के मन को छू लिया। बच्चों की आँखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान इस बात की गवाही दे रही थी कि यह पल उनके लिए कितना खास बन गया है।

मुख्यमंत्री के रूप में स्नेही अभिभावक को अपने बीच पाकर बच्चों ने जिस खुशी और अपनत्व का अनुभव किया, वह लंबे समय तक उनकी स्मृतियों में रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बालक आश्रम बगिया में कक्षा पहली से पाँचवीं तक के छात्र अध्ययनरत हैं, जिनमें अधिकांश बच्चे आदिवासी समुदाय से हैं। मुख्यमंत्री का उनके बीच पहुँचकर जन्मदिन मनाना बच्चों के लिए गर्व और प्रेरणा का विशेष क्षण बन गया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण तथा आश्रम के शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# मनरेगा बचाओ अभियान:कलेक्ट्रेट घेरने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

# कोसाबाड़ी चौक में विशाल आमसभा: कांग्रेसियों ने मनरेगा खत्म करने पर भाजपा सरकार पर साधा निशाना, कहा-केन्द्र सरकार ने गरीब मजदूरों का अधिकार छीना

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम के तहत् कोसाबाड़ी चौक मे बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एकत्रित हुए, जहां मंच के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा और कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने नारेबाजी के साथ रैली निकाली गई ।

जैसे ही रैली कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ी, पहले से ही प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर बेरिकेडिंग करा दिया था । पहले बेरिकेड को हटाकर कांग्रेसी आगे बढ़े लेकिन कुछ ही कदम पर दूसरे बेरिकेड पर रोक लिया गया ।

केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर व्ही बी जी राम जी किये जाने के विरोध में कांग्रेस ने देशव्यापी आंदोलन मनरेगा बचाओ अभियान चलाया है, जिसके तहत् 24 फरवरी को कोरबा जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदर्शन किया गया ।

कोरबा प्रभारी विजय केशरवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनरेगा रोजगार गारंटी योजना के तहत् मजदूरों को काम देने का कानून था। श्रमिक को काम लेने का अधिकार था । इस योजना के तहत् सरकारी फरमान से कभी काम नहीं रोका गया। पिछले दो दशक से यह योजना 12 करोड़ से भी अधिक मनरेगा मजदूरों के लिए लाइफलाईन रहा है । कोविड महामारी के समय भी यह योजना आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ था ।

विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि मनरेगा स्कीम देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा रहा है । मनरेगा रोजगार का गारंटी अधिकार था, लेकिन अब इसमें नाम के साथ - साथ नियमों में बदलाव किया गया, जो पूरी तरह से केन्द्र सरकार की मर्जी पर निर्भर रहेगा । इस बदलाव से रोजगार का अधिकार समाप्त हो जावेगा ।

पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा ने कहा कि भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर झूठ बोला है । वी बी जी राम जी में जो राम जी बता रहे उसमें कहीं भी भगवान राम नहीं हैं। व्ही बी जी राम जी का फुल फार्म विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण है ।

पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि मनरेगा अधिनियम को वर्ष 2005 में मनमोहन सिंह सरकार ने लागू किया था। यह अधिकार आधारित कानून था जो प्रत्येक ग्रामीण को मजदूरी का वैधानिक अधिकार देता था । अब इस योजना के नियमों को परिवर्तन कर वैधानिक अधिकार को खत्म किया जा रहा है ।

सभा को पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, छुरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, सांसद प्रतिनिधि शोभना देवांगन, प्रदीप अग्रवाल सहित ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने किया एवं आभार ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने व्यक्त किया ।

इस मौके पर मुख्य रूप से महेन्द्र थवाईत, हीरालाल यादव, नंद कुमार देवांगन, प्रमोद श्रीवास तुमान, शांति स्वरूप महंत रामपुर, यशपाल सिंह गजरा, फिरोज अनंत मोंगरा, अजय कंवर गजरा, मानिकपुरी टेलर्स बांकी, धनंजय दिवान कुसमुण्डा, खिलावन देवांगन उमरेली, पुष्पा पात्रे, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जया लहरे, रजनीश तिवारी, संतोष देवांगन, सूरज मानिकपुरी, मेवालाल मन्नेवार, योगेश कंवर दीपका, बोधन लाल रंजना, गोरेलाल कटघोरा, पुरान सिंह चैतमा, लक्ष्मीनारायण बरपाली, प्रीतम शुक्ला बरपाली, मनहरण राठौर, पालुराम साहु, प्रदीप पुरायणे, दुष्यंत शर्मा, संतोष राठौर, राजेन्द्र तिवारी, मस्तुल कंवर, रोपा तिर्की, बद्रीकिरण, सुरती कुलदीप, रवि चंदेल, गोपाल यादव, राजेश यादव, डॉ.रामगोपाल यादव, रवि खुंटे, ए डी जोशी, देव जायसवाल, अनुज जायसवाल, प्रभा तंवर, आनंद मित्तल, विनोद कुर्रे बंजारी, प्रशांत सिंह, अजीत बर्मन, विवेक श्रीवास, बृजभूषण प्रसाद, डॉ. गोपाल कुर्रे सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना को केन्द्र सरकार ने खत्म कर दिया-जयसिंह

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और गरीब मजदूरों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है । उन्होंने आगे कहा कि मनेरगा अब तक सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी । नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया है।

## केन्द्र सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म कर दिया-ज्योत्सना

इस अवसर पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने मनरेगाा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीनने का काम किया है । मनरेगा कानून परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है । पहले मनरेगा सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित थी लेकिन अब केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया गया है ।

## बेरिकेट्स नहीं तोड़ पाए कांग्रेसी रैली निकाली, लेकिन कलेक्ट्रेट नहीं पहुंच पाए




सुबह 11.00 बजे कांग्रेसी कोसाबाड़ी चौक पहुंचे और रैली की शक्ल पर कलेक्ट्रेट घेराव करने आमसभा के बाद निकले। किसी तरह कांग्रेसी पहला बेरिकेट्स पार किए, लेकिन कांग्रेसियों को रोकने एक और बेरिकेट्स लगाकर पुलिस ने कांग्रेसियों को आखिर रोक ही लिया और कांग्रेसी कलेक्ट्रेट नहीं पहुंच पाए। कांग्रेसी-पुलिस के बीच जमकर झूमाझपटी भी हुई। आमसभा में कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

## डोंगानाला में प्रशिक्षण सह कार्यशाला:औषधीय पौधे लगाने की विधि एवं होने वाली आय से अवगत हुए किसान

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

क्षेत्रीय सह सुविधा केन्द्र, मध्य क्षेत्र, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के तत्वावधान में एक दिवसीय औषधीय कार्यशाला का आयोजन कोरबा जिले के पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम डोंगानाला में सम्पन्न हुआ।

डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी-समन्वयक, क्षेत्रीय सह सुविधा केन्द्र मध्य क्षेत्र एवं विभागाध्यक्ष-औषधीय एवं पादप बोर्ड, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय के परामर्श में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में कोरबा-पाली फार्मर्स प्रोडक्ट्स कम्पनी के डायरेक्टर एवं जिले के विकासशील किसान रामफल पटेल एवं मध्य भारत मनोहर जी उपस्थित रहे। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ द्वारा औषधीय वैज्ञानिक की उन्नत कृषिकरण तकनीक संरक्षण एवं अवलोकन कर व्यख्यान दिया गया। प्रतिभागियों को उन्नत तकनीक की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय सह सुविधा केन्द्र के सहायक परियोजना प्रबंधक (विपणन) पियुष वर्मा द्वारा विपणन में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. शैलेन्द्र कुमार परियोजना सलहाकार (तकनीकी) द्वारा किसानों को शतावर, अश्वगंधा, सर्पगंधा, कालमेहा की खेती से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर परियोजना सलाहकार (तकनीकी) द्वारा किसानों को औषधीय पौधों के संबंध में जानकारियां दी और आधुनिक पद्धति से अधिक उत्पादन और आय के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों को अश्वगंधा, शतावर सहित अन्य औषधीय पौधों का वितरण किया गया और रोपण की विधियां बतायी। कार्यक्रम के अंत में रामफल पटेल सभी का आभार जताया।





## सीएचएमओ ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रगति की मॉनिटरिंग हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के द्वारा 23 फरवरी को सामु.स्वा.केन्द्र पाली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदीबाजार,आयुष्मान आरोग्य मंदिर(उप स्वास्थ्य केन्द्र)नुनेरा, नोनबिर्रा,बोईदा, चोढ़ा तथा उतरदा तथा कटघोरा विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल सराफ उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, ओटी, एनआरसी, दवा वितरण कक्ष, भंडार कक्ष, प्रयोगशाला, एक्स-रे कक्ष का अवलोकन किए तथा संधारित अभिलेखों को देखकर कमियों में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

## हाई स्कूल अंग्रेजी परीक्षा-2026 : जिले के 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, सभी केन्द्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

**कोरबा( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत आज हाई स्कूल परीक्षा विषय अंग्रेजी (080) की परीक्षा आयोजित की गई। कोरबा में जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल क्रमांक 1 द्वारा सेजेस चैतमा, सेजेस लाफा, सेजेस पोंड़ी (लाफा), सेजेस पाली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली, दल क्रमांक 2 द्वारा शासकीय हाई स्कूल घुड़देवा, सेजेस मोंगरा, सेजेस अरदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 4 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला, सोहागपुर, उमरेली और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 5 ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी, कुदुरमाल, उरगा, फरसवानी, कोथारी, बरपाली और नोडल अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा, प्रयास कोरबा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी कोरबा, विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 कोरबा, ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, निर्मला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसाबाड़ी का निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की कोई घटना दर्ज नहीं हुई।

दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12,586 रही, जिनमें से 12,220 विद्यार्थी उपस्थित थे और 366 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा बैठक 25 को

**कोरबा( दिव्य आकाश )।** जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा की बैठक 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में वनमंडल कोरबा/कटघोरा अंतर्गत विभागीय एवं कैम्पा मद की समीक्षा, लोक निर्माण विभाग की समीक्षा, शिक्षा विभाग की समीक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा, कृषि विभाग की समीक्षा तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा एवं आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## रेत खदानों में लगाया गया डिसप्ले, आम नागरिकों को मिल सकेगी जानकारी


### अवैध उत्खनन रोकने हेतु टीम सक्रिय, मोबाइल नम्बर पर की जा सकती है शिकायत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिला कोरबा में स्वीकृत सभी 20 रेत खदानों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण कर लिया गया है। प्रत्येक रेत खदान के मुख्य मार्ग तथा खदान क्षेत्र के समीप उत्खनन-पट्टा विवरण की पट्टिकाएँ स्थापित की गई हैं, जिससे आम नागरिकों को खदान की स्वीकृति, संचालन और संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सके। खदान क्षेत्र के दोनों ओर प्रारंभिक सीमा और अंतिम सीमा बिंदुओं पर स्पष्ट बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे खदान की परिसीमा स्पष्ट रूप से चिह्नित रहे और अनधिकृत गतिविधियों को रोका जा सके। इसके साथ ही खदान क्षेत्र में दिशा-सूचक पट्टिकाएँ भी स्थापित कर दी गई हैं, जिससे स्थल पर निरीक्षण और आवागमन सुगम हो सके।




उप संचालक खनिज विभाग प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। आम नागरिक किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत रेत खदानों से संबंधित अवैध गतिविधियों के बारे में नीचे दिए गए मोबाइल नंबरों में प्रेम राजपूत- 8770924807, संजू लहरे- 8839538188, छतसिंह खैरवार-9753266726, श्रावकुमार श्रीवास-7447063227 पर सम्पर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन या परिवहन संबंधी सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सुशासन की स्थापना में सहयोग प्रदान करते हुए किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना त्वरित रूप से उपलब्ध कराएँ।


।। श्री गणेशम्किाभ्याम नमः ।। श्री धनवन्तरयै नमः ।।

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श केन्द्र

गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो आदि।




Dr. Yugesh Sharma
M.D. (N.M.) Regn. 51049/16

पतंजलि | श्रीश्री आयुर्वेदा | बैद्यनाथ | Dabur | ZANDU

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा

सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल मेडिकल स्टोर

शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

युवक की आवश्यकता है
(रिसेप्शनिष्ट)
नूडल्स, मैगी बनाना आता हो
संपर्क करें -
Snookyard Café
प्रथम मंजिल, अंकिता कॉम्पलेक्स
सुभाष चौक, निहारिका, कोरबा
मो.: 79997-72254
वेतन आकर्षक


स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com